दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-91 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 15 मई 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## देवास पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में तीन की मौत,कई घायल

### सीएम डॉ मोहन ने दुख जताते हुए दिए घटना की जांच के आदेश, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख मुआवजा





भोपाल,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर सामने आई है। इस दुखद घटना पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने तुरंत घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने जिले के प्रभारी मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, गृह सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता देने और घायलों के मुफ्त इलाज कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगतों की आत्मा की शांति, शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य में जुटी हुई है। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

बात दें कि अब तक कलेक्टर ने हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि आरएमओ ने 3 मौतों की बात कही है। हादसे में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया गया है। ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। हादसे में कई लोग बुरी तरह झुलस गए है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है, घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है

## विविध-समाचार

### दिल्ली में निजी बस के अंदर महिला से गैंगरेप, चालक और परिचालक गिरफ्तार

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली में निर्भया कांड की याद दिलाने वाली एक और घटना सामने आई है। यहां के रानी बाग इलाके में एक निजी बस में महिला का गैंगरेप किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात को घटी है। पीड़ित महिला पीतमपुरा की एक झुग्गी बस्ती में रहने वाली है और मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। उसकी शिकायत पर पुलिस ने बस के चालक और परिचालक को गिरफ्तार कर लिया है।रिपोर्ट के मुताबिक, 11 मई की रात महिला काम के बाद घर लौट रही थी। तभी सरस्वती विहार के बस स्टॉप पर एक स्लीपर बस रुकी। महिला ने बस के दरवाजे पर खड़े एक व्यक्ति से समय पूछा, जिसके बाद उसे जबरन अंदर खींच लिया और बस को नांगलोई ले गए। महिला का आरोप है कि बस में उसका रेप हुआ है। वह विवाहित है और 3 बच्चों की मां है। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### कोच्चि से लक्षद्वीप के बीच भारत का पहला समुद्री विमान, अगाती हवाई अड्डे पर सफल ट्रायल

एर्नाकुलम(आरएनएस)। केरलम के कोच्चि से खूबसूरत द्वीप समूह लक्षद्वीप तक भारत के पहले समुद्री विमान (सीप्लेन) का चलना जल्द ही साकार होने वाला है। दोनों इलाकों में समुद्री विमान का ट्रॉयल सफल हो गया है। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि लक्षद्वीप भारत की पहली सीप्लेन कनेक्टिविटी का स्वागत करने के लिए तैयार है। प्राधिकरण ने कहा कि अगाती वॉटरड्रोम पर सीप्लेन का सफल ट्रायल लैंडिंग हुआ, जो एक बड़ा मील का पत्थर है।प्राधिकरण ने आगे कहा कि प्रस्तावित सीप्लेन कनेक्टिविटी का उद्देश्य कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को कल्पेनी, कदमत, किल्टन, कवरत्ती और अगाती से जोड़ना है। उम्मीद जताई जा रही है कि अभी फिलहाल विमान से प्रति फ्लाइट 9 से 10 यात्रियों की अपेक्षित क्षमता के साथ सेवा जल्द ही शुरू हो सकती है। इस परीक्षण अभियान में स्काईहॉप के अधिकारी और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के प्रतिनिधि शामिल थे, जिन्होंने उड़ान के दौरान प्रदर्शन और सुरक्षा मानकों की निगरानी की।

### दिल्ली में अब हफ्ते में 2 दिन वर्क फ्रॉम होम लागू, निजी कंपनियों को भी सलाह

नईदिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को अपनाते हुए दिल्ली की भाजपा सरकार ने गुरुवार को हफ्ते में 2 दिन के लिए वर्क फ्रॉम होम लागू कर दिया है। दिल्ली सरकार के सभी कर्मचारी अब सप्ताह में 2 दिन घर से काम करेंगे। साथ ही, ईंधन की खपत कम करने के लिए अब 50 प्रतिशत आधिकारिक बैठकें ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। निजी कंपनियों से भी इस सुझाव का पालन करने को कहा गया है। इसके लिए दिशानिर्देश जारी हो सकते हैं।दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम व्यस्त समय के दौरान यातायात जाम और ईंधन की खपत को कम करने के लिए कार्यालय समय में भी बदलाव करेंगे। राज्य सरकार ने सरकारी वाहनों का उपयोग कम करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों को आवंटित पेट्रोल की सीमा में 20 प्रतिशत की कटौती की गई है। दिल्ली में मेट्रो दिवस मनाया जाएगा और सरकार लोगों से सप्ताह में एक बार कार-मुक्त दिवस का पालन करने की अपील भी करेगी।

## 16 राज्यों में 37 करोड़ मतदाताओं की होगी एसआईआर

### - हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में फिलहाल एसआईआर प्रक्रिया नहीं

नई दिल्ली (ए.)। भारत निर्वाचन आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तीसरे चरण को लागू करने का आदेश जारी किया है।




यह अभियान मतदाता सूची को अद्यतन और शुद्ध करने के उद्देश्य से चलाया जाएगा। आयोग के अनुसार, इस प्रक्रिया के दौरान लगभग 3.94 लाख बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर करीब 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ स्तरीय एजेंट भी इस अभियान में सहयोग करेंगे।चुनाव आयोग ने बताया कि बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, गोवा, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में पहले ही एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जबकि असम में विशेष पुनरीक्षण कराया गया था। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में फिलहाल एसआईआर प्रक्रिया नहीं होगी। वहां मौसम और जनगणना कार्य पूरा होने के बाद नई तारीखों की घोषणा बाद मे की जाएगी।

### दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता ने केजरीवाल के खिलाफ शुरू की अवमानना की कार्यवाही

नईदिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि वह कथित तौर पर मानहानिकारक और अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य नेताओं के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करेंगी। जस्टिस शर्मा शराब नीति मामले की सुनवाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बेहद अपमानजनक, मानहानिकारक और अवमाननापूर्ण सामग्री पोस्ट की जा रही है।

## उत्तर प्रदेश की आंधी-तूफान में 56 की मौत; बरेली में उड़ा व्यक्ति, 38 जिलों में अलर्ट



लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बुधवार रात को पश्चिमी विक्षोभ का भयानक असर दिखा। यहां तेज आंधी-तूफान, बारिश-ओलावृष्टि और बिजली गिरने से हाहाकार मच गया।रिपोर्ट के मुताबिक, प्रयागराज, फतेहपुर, बदायूं, बरेली, कानपुर, उन्नाव और भदोही समेत कई जिलों में पेड़ गिरने, पोल उखड़ने, आसमानी बिजली गिरने और मकान गिरने से 56 लोगों की मौत हुई है, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हैं। भारतीय मौसम विभाग ने करीब 38 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 50 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली आंधी की वजह से कई जिलों में बड़ा नुकसान हुआ है। प्रयागराज में 10, उन्नाव में 7, बदायूं में 5, बरेली में 4 फतेहपुर में 5, भदोही में 10 की मौत हुई है। भदोही में एक मकान पर नीम का पेड़ गिरने से 4 की मौत हो गई। सीतापुर में पेड़ गिरने से 2 और रायबरेली में बिजली गिरने से एक किशोरी समेत 3 की मौत हुई है।

बरेली में आंधी की रफ्तार काफी तेज दिखी। यहां से एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति आंधी के कारण टीन शेड के साथ हवा में उड़ता दिख रहा है। घटना बरेली के भमोरा थाना के बमियाना गांव की बताई जा रही है। हवा में उड़कर नीचे गिरने के बाद युवक घायल हो गया है। उसकी पहचान नन्हे के रूप में हुई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में आंधी-तूफान से मृतकों का आंकड़ा 70 बताया गया है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राकृतिक आपदा में हुई मौतों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को 24 घंटे में मुआवजा देने का निर्देश दिया है। सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में फील्ड पर जाकर नुकसान का आकलन करने को कहा गया है।

## अंडमान और निकोबार में 16 मई को पहुंचेगा मानसून, जून के अंतिम सप्ताह में मानसून पूर्व बारिश का दिखेगा असर

नईदिल्ली, (आरएनएस)। गर्मी से जूझ रहे लोगों को इस बार मानसून की बारिश थोड़ी जल्दी राहत दे सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून 16 मई को दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगर 16 मई तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में बारिश शुरू होती है तो मानसून 25 से 30 मई तक केरलम में प्रवेश कर सकता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, अंडमान और निकोबार मानसून पहुंचने पर अरब सागर शाखा और बंगाल की खाड़ी शाखा में बंटता है। ऐसे में अरब सागर शाखा अगर 30 मई तक केरलम में बारिश शुरू करता है तो यह कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, पंजाब,



हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर समय से पहले पहुंचेगा। हालांकि, दक्षिण के राज्यों में मानसून पूर्व बारिश शुरू हो गई है। इन इलाकों में 17 मई तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है।अंडमान और निकोबार से निकलकर बंगाल की खाड़ी मानसून शाखा पूर्वोत्तर राज्य, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और दिल्ली तक 15 जुलाई तक फैल जाती है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत में 13 से 19 मई तक भारी बारिश होगी, जो मानसून पूर्व बारिश का अनुमान है। ऐसे में यहां भी 25 मई तक मानसून आएगा, जिससे उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक 28 जून से 1 जुलाई तक मानसून पहुंच सकता है।भले मानसून के जल्दी आने की संभावना है, लेकिन यह ज्यादा असरदार नहीं होगी। ऐसी संभावना मौसम वैज्ञानिक जता चुके हैं। उनके मुताबिक, प्रशांत महासागर में अल नीनो विकसित हो रहा है, जो देश में जून से सितंबर तक होने वाली बारिश पर असर डालेगी। यह सामान्य से कम 92 प्रतिशत रहने की संभावना है। अल नीनो में समुद्र की सतह का पानी गर्म होता है, जो मानसून की हवाओं को कमजोर करता है, जिससे बारिश कम होती है।

### सबरीमाला मामला


## सबरीमला मंदिर और महिलाओं के खिलाफ धार्मिक भेदभाव पर बहस पूरी

### सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिन सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा



नईदिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थानों पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ ने मामले पर लगातार 16 दिन तक सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट ने सभी पक्षकारों को 29 मई तक लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। आइए समझते हैं सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ? सुनवाई मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की पीठ ने की। इसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, जस्टिस प्रशांत वराले, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं।

## ओमान तट पर भीषण ड्रोन हमले से जलकर डूबा भारतीय जहाज 'हाजी अली', बाल-बाल बचे 14 नाविक



नई दिल्ली (ए.)। ईरान युद्ध और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में भारतीय वाणिज्यिक जहाजों पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ओमान के समुद्री तट (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) के पास एक भीषण ड्रोन हमले में भारत का मालवाहक जहाज 'हाजी अली' पूरी तरह से जलकर समुद्र में डूब गया है। राहत की बात यह रही कि जहाज पर सवार सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को ओमान कोस्ट गार्ड की तत्परता से सुरक्षित बचा लिया गया है। भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे पूरी तरह से 'अस्वीकार्य' बताया है।

### जोरदार धमाके से लगी आग और समंदर में समा गया जहाज

जानकारी के अनुसार, गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले का यह मालवाहक जहाज 'हाजी अली' (MSV HAJI ALI BDI 1492) बुधवार, 13 मई की तड़के लगभग 3:30 बजे सोमालिया के बरबरा से शारजाह की ओर जा रहा था। जब यह जहाज ओमान में लिमाह के पास से गुजर रहा था, तभी एक मिसाइल या ड्रोन जोरदार धमाके के साथ जहाज से टकरा गया। हमले के तुरंत बाद जहाज में भयंकर आग लग गई और वह समुद्र में डूबने लगा। खतरे को भांपते हुए जहाज पर सवार सभी 14 नाविकों ने तुरंत सिग्नल का इस्तेमाल किया और लाइफबोट्स के सहारे अपनी जान बचाई। ओमान कोस्ट गार्ड ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को सुरक्षित निकाल लिया और उन्हें ओमान के दीबा बंदरगाह पहुंचा दिया है। जहाज के मालिक सुल्तान अहमद संघार ने भी नाविकों के सुरक्षित होने की पुष्टि की है। अब ओमान पुलिस यह जांच कर रही है कि यह हमला आखिर किसने किया।

### भारत का सख्त रुख, विदेश मंत्रालय ने कहा- 'यह कतई बर्दाश्त नहीं'

लगातार हो रहे इन हमलों पर भारत ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने इस घटना पर तीखी आपत्ति जताते हुए कहा है कि ओमान के तट के पास भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुआ यह हमला बिल्कुल अस्वीकार्य है। मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि कमर्शियल शिपिंग को निशाना बनाना और बेगुनाह नागरिक नाविकों की जान खतरे में डालना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने भारतीय क्रू सदस्यों की रक्षा करने के लिए ओमानी अधिकारियों का धन्यवाद भी किया है। भारत ने एक बार फिर दुनिया को दो टूक लहजे में याद दिलाया है कि व्यापारिक जहाजों पर हमले करने और नौवहन व व्यापार की स्वतंत्रता में किसी भी तरह की बाधा डालने से हर हाल में बचा जाना चाहिए।

## संजय कपूर संपत्ति विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने ली चुटकी- इसके सामने महाभारत भी छोटी लगेगी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिग्गज कारोबारी और करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर के परिवार में चल रहा संपत्ति का झगड़ा अब देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया है। 30,000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम जायदाद को लेकर अपनों के बीच मचे इस घमासान को देखकर सुप्रीम कोर्ट भी हैरान है। मामले की गंभीरता और परिवार की आपसी कलह देखते हुए कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि ये विवाद इतना बड़ा और पेचीदा है कि इसके सामने महाभारत भी छोटी लगने लगेगी। ये टिप्पणी जज जेबी पारदीवाला की पीठ ने की। अदालत संजय कपूर की 80 वर्षीय मां रानी कपूर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरके फैमिली ट्रस्ट और परिवार के अन्य सदस्यों के बीच विवाद में रानी ने कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की है। 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर चल रहे इस मामले पर जज ने कहा कि ये टकराव इतना गंभीर है कि इसके सामने महाभारत का युद्ध भी छोटा लगता है। जज ने कहा, हम एक ऐसे अखाड़े में दाखिल हो चुके हैं, जिसके सामने महाभारत भी बहुत छोटी लगेगी। ये टिप्पणी तब आई, जब वकीलों ने फैमिली ट्रस्ट के कामकाज और कंपनी बोर्ड की प्रस्तावित बैठक को लेकर नए आरोप लगाए।

## चुनावी हिंसा का मामला लेकर काला कोर्ट में हाईकोर्ट पहुंची ममता, लगे बुआ चोर-भतीजा चोर के नारे

### बार काउंसिल ने तृणमूल प्रमुख के वकालत के रिकॉर्ड मांगे



कोलकाता, (आरएनएस)। कलकत्ता हाईकोर्ट परिसर में तब सनसनी फैल गई जब आज पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी काला कोट पहनकर कोर्ट में दलीलें देने पहुंची थीं लेकिन वकीलों के एक वर्ग ने उनके खिलाफ 'बुआ चोर-भतीजा चोर ' के नारे लगाए। ममता बनर्जी के साथ राज्य की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य भी थीं। ममता कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस पार्थसारथी सेन के सामने पेश हुईं। मामला हाल के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई चुनावी हिंसा से जुड़ी जनहित याचिका का था। सुनवाई के दौरान ममता ने कोर्ट को बताया कि राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इसमें बुलडोजर एक्शन भी शामिल है। पुलिस एफआईआर दर्ज करने की इजाजत नहीं दे रही है। उन्होंने तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमले, आगजनी और हत्याओं के आरोप लगाते हुए कोर्ट से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की। इधर, सुनवाई के बाद जब ममता कोर्ट रूम से बाहर निकलीं, तो गलियारों में मौजूद वकीलों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। ये सभी ममता को देखकर बुआ चोर-भतीजे चोर के नारे लगाने लगे। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि सुरक्षा कर्मियों और तृणमूल कांग्रेस की लीगल टीम को उन्हें भीड़ से निकालकर सुरक्षित रूप से वाहन तक पहुंचाना पड़ा। नारेबाजी के बीच ममता बनर्जी को कार तक पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।याचिका उत्तरपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से हारे हुए उम्मीदवार शीर्षान्य बंद्योपाध्याय ने दायर की थी। 12 मई को दायर की गई जनहित याचिका में पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा का आरोप लगाया गया है। साथ ही दावा किया गया है कि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े होने के कारण कई लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।





# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जल आत्मनिर्भरता की ओर मध्यप्रदेश

## 6 हजार 201 करोड़ की लागत से 1.77 लाख जल संरक्षण कार्य पूर्ण
## जल गंगा संवर्धन अभियान में 2.42 लाख कार्यों का लक्ष्य




भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश जल आत्मनिर्भरता का एक नया इतिहास लिख रहा है। प्रदेश की जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और नवीन जल स्रोतों के निर्माण के उद्देश्य से शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान अब अपने निर्णायक दौर में है। अभियान में न केवल लुप्त हो रही जल संरचनाओं को जीवनदान मिल रहा है, बल्कि वैज्ञानिक पद्धतियों से वर्षा जल के संग्रहण (Rain Water Harvesting) की क्षमता में भी ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 77 हजार 121 जल संरक्षण संबंधी कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जो राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरणीय संतुलन के लिए एक सुखद संकेत है।पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) के समन्वय से संचालित इस विशाल अभियान के लिए राज्य सरकार ने व्यापक वित्तीय प्रावधान किए हैं। पूरे प्रदेश में कुल 2 लाख 42 हजार 188 कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 6,201.81 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में अब तक 4,443.85 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है। अभियान का मुख्य उद्देश्य खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में रोकने की अवधारणा पर है, ताकि आगामी मानसून में वर्षा की हर बूंद का संचयन सुनिश्चित किया जा सके।

### सूक्ष्म स्तर पर हो रही मॉनिटरिंग

अभियान के अंतर्गत कार्यों को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर सूक्ष्म स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। विशेष रूप से डग वेल रिचार्ज (सूखे कुओं का पुनर्भरण) में प्रदेश ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जहाँ 88,123 से अधिक कुओं को रिचार्ज करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और पशुपालन की सुविधा के लिए 53,568 खेत तालाबों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जल संरक्षण और पुनर्भरण की अन्य विधियों के तहत 27,332 कार्य संपन्न हुए हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण को मजबूती देने के लिए वृक्षारोपण और स्कूलों में जल टैंकों की सफाई जैसे रचनात्मक कार्यों को भी इस अभियान का हिस्सा बनाया गया है। JSJB 2.0 (जल संचयन जल भागीदारी) पहल के तहत भी 10 लाख से अधिक कार्यों का पंजीकरण राज्य की सक्रियता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान की सफलता को जन-भागीदारी का परिणाम बताया है। जल संरक्षण समाज के अस्तित्व से जुड़ा विषय है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि इन स्थायी जल संरचनाओं के माध्यम से भू-जल स्तर को बढ़ाया जाए, ताकि भविष्य में पेयजल संकट का स्थायी समाधान हो सके और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से मध्य प्रदेश आज देश के अन्य राज्यों के लिए जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है।



एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप और लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह ने गुरुवार को पंचानन भवन में निगम की गतिविधियों की समीक्षा कीआवेदन के लिए सुविधा उपलब्ध थी।

# भोपाल मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर सुनवाई नहीं हुई

## अब 23 जून को दोनों पक्ष रखेंगे अपना पक्ष; मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर आपत्ति

भोपाल (निप्र)। भोपाल में कब्रिस्तान के नीचे से मेट्रो के गुजरने को लेकर गुरुवार को वक्फ ट्रिब्नल में सुनवाई नहीं हो पाई। आज स्टे पर बहस होनी थी। अब अगली सुनवाई 23 जून को होगी।बता दें कि मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर वक्फ संपत्तियों पर विवाद अब कानूनी हो गया है। भोपाल टॉकीज स्थित प्राचीन कब्रिस्तान के नीचे प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन और नारियलखेड़ा की वक्फ जमीन पर निर्माण के खिलाफ कमेटी इंतेजामियां औकाफ-ए-अम्मा ने मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में दो अलग-अलग प्रकरण दायर किए हैं।कमेटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अंसार उल हक और अधिवक्ता इब्राहिम सरवत शरीफ खान पैरवी कर रहे हैं। अधिवक्ता खान ने बताया कि दोनों मामलों में मेट्रो निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। इसे लेकर दो सुनवाई हो चुकी है। आज सुनवाई थी, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने से यह तारीख 23 जून हो गई है।



## सहकारिता मंत्री श्री सारंग ने चांदबड़ में किया "संपर्क अभियान 2026" का शुभारंभ



*भोपाल (निप्र)। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने संपर्क अभियान 2026 के तहत चांदबड़ में आयोजित विद्यु शिकायत निवारण शिविर का शुभारंभ किया और श्रीमती राजकुमारी कुशवाहा को नये कनेक्शन के लिए प्रमाण पत्र वितरित किया। चांदबड़ शिविर में श्रीमती रीना बाई और श्रीमती अनीता को नवीन विद्युत कनेक्शन, नवीन को अस्थायी नवीन कनेक्शन, गुलाबसिंह को मौके पर ही नो ड्यूज प्रमाण पत्र तथा बंशीराम साहू के विद्युत कनेक्शन के नाम परिवर्तन संबंधी आवेदन को भी त्वरित निराकरण की सेवाएं मिलीं।*

*द्वारका नगर की सुश्री कुशवाहा का 4 घंटे के भीतर रोशन हुआ घर*

*सुश्री राजकुमारी कुशवाहा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चांदबड़ जोन के द्वारका नगर में रहती हैं। उन्हें बिजली कंपनी के चांदबड़ में 14 मई को आयोजित शिविर में 4 घंटे के भीतर नया कनेक्शन मिल गया और उनका घर रोशन हो गया। घर रोशन होने से उनका परिवार बिजली कंपनी की सेवाओं की सराहना कर रहा है। सुश्री राजकुमारी कुशवाहा को मिली यह त्वरित राहत न केवल कंपनी की कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि इस अभियान की सफलता की एक सकारात्मक शुरुआत है। दरअसल मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 14 मई से एक नई पहल शुरू की है, इसके अंतर्गत समूचे कंपनी कार्यक्षेत्र में 374 संपर्क अभियान शिविर लगाये गये और भोपाल शहर में 27 शिविर लगाये गये।*

*भोपाल शहर में 3 हजार 748 शिकायतें मौके पर निराकृत*

*संपर्क अभियान शुभारंभ दिवस 14 मई को भोपाल शहर वृत्त अंतर्गत कुल 3 हजार 929 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 हजार 748 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। शेष 181 शिकायतों का शीघ्र ही निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कंपनी द्वारा भोपाल शहर वृत्त अंतर्गत प्राप्त कुल 3 हजार 929 शिकायतों में से बिल संबंधी 1 हजार 687, भुगतान संबंधी 1 हजार 611, विद्युत आपूर्ति संबंधी 247, नया कनेक्शन एवं भार वृद्धि संबंधी 124 तथा अन्य 79 शिकायतों को मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया।*

# भीषण गर्मी से ओवरहीट हुए बिजली ट्रांसफॉर्मर, ठंडा रखने के लिए लगाए गए कूलर



मंदसौर, (ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी का असर अब बिजली व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। गुरुवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसके चलते बिजली विभाग के ट्रांसफॉर्मरों पर दबाव बढ़ गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि बड़े ट्रांसफॉर्मरों को ओवरहीटिंग से बचाने के लिए उन पर कूलर चलाकर ठंडा किया जा रहा है।मंदसौर शहर सहित जिलेभर में इन दिनों बिजली की खपत तेजी से बढ़ी है। एसी, कूलर और अन्य विद्युत उपकरणों के लगातार उपयोग से बिजली लोड में इजाफा हुआ है। तेज गर्मी और बढ़ते लोड के कारण ट्रांसफॉर्मरों का तापमान खतरनाक स्तर तक पहुंचने लगा है।बिजली कंपनी के अनुसार कई बड़े ट्रांसफॉर्मरों में मौजूद ऑयल का तापमान 80 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिससे ओवरहीटिंग और आग लगने का खतरा बढ़ गया। इसे देखते हुए बिजली कंपनी ने विशेष इंतजाम शुरू किए हैं।शहर की चंबल कॉलोनी स्थित 33 केवी ग्रिड पर लगे बड़े ट्रांसफॉर्मर को ठंडा रखने के लिए कूलर लगाए गए हैं। कूलर की हवा सीधे ट्रांसफॉर्मर के रेडिएटर पर डाली जा रही है, ताकि ऑयल का तापमान नियंत्रित रहे और बिजली सप्लाई प्रभावित न हो।केवल चंबल कॉलोनी ही नहीं, बल्कि नूतन स्कूल क्षेत्र सहित शहर और जिले के अन्य स्थानों पर भी ऐसे उपाय किए जा रहे हैं। कई जगहों पर कूलर के साथ टाट की बोरियां लगाकर भी ट्रांसफॉर्मरों का तापमान कम करने का प्रयास किया जा रहा है।तेज गर्मी को देखते हुए बिजली कंपनी अलर्ट मोड पर काम कर रही है। ट्रांसफॉर्मरों को ठंडा रखने के लिए लगाए गए कूलर 24 घंटे लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलती रहे।एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री योगेश आठनेरे ने बताया कि हर वर्ष बिजली लोड में वृद्धि हो रही है। इस बार भी करीब 7 से 8 प्रतिशत तक लोड बढ़ा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन अधिक तापमान के कारण उपकरणों को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त उपाय करने पड़ रहे हैं। जहां जरूरत महसूस हो रही है, वहां कूलर और टाट की बोरियों के जरिए ट्रांसफॉर्मरों को ठंडा रखा जा रहा है।

## जनगणना 2027 : मप्र में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जारी, प्रदेशवासियों से सहयोग की अपील

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 01 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस




महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। प्रदेशवासियों द्वारा इस अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है।गृह विभाग की सचिव एवं जनगणना नोडल अधिकारी शिखा गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि अभियान के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ नागरिकों द्वारा स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद अपनी स्व-गणना आईडी प्रगणकों के साथ साझा नहीं की जा रही है अथवा साझा करने में संकोच किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि यदि परिवार द्वारा स्व-गणना पूर्ण कर ली गई है, तो प्रगणक के आगमन पर अपनी स्व-गणना आईडी अवश्य साझा करें। इससे नागरिकों का समय बचेगा तथा परिवार की सटीक जानकारी जनगणना अभिलेखों में दर्ज की जा सकेगी। नागरिक सही एवं पूर्ण जानकारी देकर जनगणना 2027 के सफल संचालन में सहभागिता सुनिश्चित करें तथा प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान कर राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाएं।

# भोपाल में रिटायर्ड जज की बहू की मौत पर बवाल, मायके पक्ष ने पति पर लगाए गंभीर आरोप, थाने में किया प्रदर्शन

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में रिटायर्ड महिला जज की बहू ट्विशा शर्मा की आत्महत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को मृतका के परिजन महिला थाने पहुंचे और पुलिस कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली परिवार होने के कारण आरोपी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई में देरी की जा रही है। मृतका के मायके पक्ष ने पति समर्थ शर्मा पर मानसिक प्रताड़ना, हत्या और सबूत मिटाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने बयान दर्ज करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। मामले को लेकर थाने में काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। ट्विशा के परिजनों ने कटारा हिल्स पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि बुधवार देर रात वे न्याय





की मांग लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उनसे बातचीत तक नहीं की। परिजनों के मुताबिक वे रात करीब 12 बजे तक थाने के बाहर खड़े रहे, जबकि थाना परिसर का गेट बंद कर दिया गया था। परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत के बाद भी उसे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। ट्विशा को ड्रग एडिक्ट बताए जाने से परिवार बेहद आहत है। मृतका की बहन प्रियंका शर्मा ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मौत की पुष्टि होने के बाद पति समर्थ शर्मा और उसकी मां करीब एक घंटे तक गायब रहे। इसके बाद वे घर पहुंचे, जहां सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि परिवार लगातार न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर उन्हें केवल इधर-उधर भेजा जा रहा है।कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे ने पुलिस पर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि थाने में किसी प्रकार की बदसलूकी नहीं हुई। उन्होंने बताया कि थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा सकती है।

# एसडीएम टी.टी. नगर कार्यालय की पहल से दो जरूरतमंदों को मिला आधार, लौटीं मुस्कानें

### प्रशासनिक सहयोग और सही मार्गदर्शन से मिली नई राह, छात्रा अब दे सकेगी बोर्ड परीक्षा

भोपाल (निप्र) । कभी-कभी एक आवश्यक दस्तावेज़ का अभाव व्यक्ति के जीवन में बड़ी कठिनाइयाँ उत्पन्न कर देता है। ऐसे ही दो मामले हाल ही में एसडीएम कार्यालय टी.टी. नगर पहुँचे, जहाँ समय पर मिले प्रशासनिक सहयोग और उचित मार्गदर्शन से दोनों हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान संभव हो सका।



पहला मामला एक महिला का था, जो लंबे समय से आधार कार्ड उपलब्ध न होने के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही थीं। कोविड काल के बाद उनके आवश्यक दस्तावेज़ ससुराल में रह गए थे तथा बीमारी के कारण उन्हें यह जानकारी भी नहीं थी कि उनका आधार कार्ड वर्षों पूर्व महाराष्ट्र में बनाया गया था। एसडीएम टी.टी. नगर डॉ. अर्चना शर्मा के मार्गदर्शन में ई-गवर्नेंस टीम एवं यूआईडीएआई के सहयोग से उनका पुराना आधार रिकॉर्ड ट्रेस कर उन्हें उपलब्ध कराया गया। आधार प्राप्त होने के बाद महिला ने राहत महसूस की और अब वे अपने आवश्यक कार्य आत्मविश्वास के साथ कर सकेंगी। दूसरा मामला मुस्कान मिट्टी का घर संस्था से जुड़ी एक बालिका का था, जो पिछले एक वर्ष से आधार कार्ड उपलब्ध न होने के कारण कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रही थी। एसडीएम कार्यालय टी.टी. नगर में प्रकरण पहुँचने पर ई-गवर्नेंस टीम और यूआईडीएआई के समन्वय से नागपुर से बना उसका आधार कार्ड ट्रेस कर बालिका को उपलब्ध कराया गया।आधार मिलने के बाद अब वह बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकेगी। इन दोनों मामलों ने यह सिद्ध किया है कि जागरूकता, सही जानकारी और प्रशासनिक सहयोग से जटिल समस्याओं का भी समाधान संभव है। आधार संबंधी अधिकृत जानकारी एवं सेवाओं के लिए नागरिक यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग करें तथा किसी भी अनधिकृत माध्यम से आधार सेवाएँ प्राप्त करने का प्रयास न करें।

## अब बिजली खरीद समझौतों के लिए कैबिनेट की पूर्व मंजूरी होगी अनिवार्य

भोपाल (निप्र) । मध्य प्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने निर्णय लिया है कि नई दीर्घकालीन और मध्यकालीन बिजली खरीद समझौते (पीपीए) और बिजली आपूर्ति समझौते (पीएसए) मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही लागू किये जा सकेंगे। ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि अब तक समझौते कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा अनुमोदित किए जाते थे, लेकिन अब सभी नए समझौतों के लिए कैबिनेट स्तर की मंजूरी प्राप्त करने का प्रस्ताव किया गया है। ऊर्जा विभाग और राज्य सरकार पहले से मौजूद लगभग 1,795 छोटे, बड़े एवं लघु तथा दीर्घ अवधि के बिजली खरीद समझौतों और 26,012 मेगावाट की क्षमता के फलस्वरूप वर्तमान में प्रदेश में निर्वाध विद्युत सप्लाई कर रही है। साथ ही मध्यप्रदेश एनर्जी सरप्लस राज्य के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस नीति में बदलाव का प्रमुख कारण यह है कि दीर्घकालीन बिजली खरीद समझौते अत्यंत महत्वपूर्ण वित्तीय प्रतिबद्धताएं हैं, जो वर्षों तक सरकार को प्रभावित करती हैं।

# सभी विभाग प्रशासन के समन्वय से जरूरत पड़ने पर बाढ़-राहत और बचाव संबंधी एसओपी का पालन सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव श्री जैन

## सभी विभागों की जिम्मेदारियां तय : 30 मई तक पूर्ण करने के निर्देश
## मुख्य सचिव श्री जैन ने की बाढ़ से बचाव संबंधी पूर्व तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा

भोपाल (निप्र) । मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राज्य स्तरीय समिति की बैठक में बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी निर्देश दिये हैं कि जरूरत पड़ने पर सभी विभाग उन्हें दी गई जिम्मेदारियों के अनुरूप कलेक्टर के समन्वय में बाढ़ राहत और बचाव संबंधी कार्य करेंगे। उन्होंने विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे निर्धारित एसओपी के अनुसार 30 मई तक सभी जरूरी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर लें। मुख्य सचिव श्री जैन गुरुवार को मंत्रालय में वर्षा पूर्व बाढ़ से बचाव संबंधी आवश्यक प्रबंधों की राज्य स्तरीय बैठक में समीक्षा कर रहे थे। गृह विभाग इस कार्य के लिए नोडल होगा। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित सहित अन्य विभाग प्रमुख वीडियो कॉफ्रेंसिंग से बैठक में शामिल हुए। सेना के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में राहत आयुक्त विवेक पोरवाल ने विगत वर्षों की बाढ़ और बारिश की स्थिति तथा विभागों को सौंपे गए कार्यों की जानकारी का प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य सचिव श्री जैन ने अगले 15 दिनों में सौंपे गये दायित्वों को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में उसी तरह का सिस्टम विकसित किया जाये, जिससे जनहानि न हो। उन्होंने ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, नगरीय विकास, राजस्व, गृह, कृषि, जल संसाधन, पीएचई, स्वास्थ्य, ऊर्जा और मौसम विभाग को मिलकर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि मौसम की सटीक जानकारी के लिए पहले से चिन्हित स्थानों पर केंद्र स्थापित करने की दिशा में प्रयास किए जाएं ।उन्होंने कहा कि मौसम का अलर्ट सिस्टम भी पहले से बेहतर हुआ है और सभी संबंधित विभाग इस तरह की सूचनाओं के आदान प्रदान के साथ त्वरित कार्यवाही सिस्टम विकसित करें।मानसून पूर्व बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए हुई राज्य



स्तरीय बैठक में गृह विभाग को सेना से समन्वय, बाढ़ बचाव उपकरणों की तैयारी, प्रशिक्षित तैराकों की सूची और नियंत्रण कक्ष से समन्वय की जिम्मेदारी दी गई। राजस्व विभाग को सभी कलेक्टर को चेक-लिस्ट अनुसार तैयारी, आपदा की स्थिति में क्षति आकलन और समय पर राहत वितरण सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थायी शिविरों के लिए भवन चयन, जर्जर भवनों के चिन्हांकन की कार्रवाई, निचले क्षेत्रों से आबादी का स्थानांतरण और खुले बोरवेल/कुओं की सुरक्षा के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग को पुलों पर बेरियर, जर्जर भवनों की मरम्मत और चेतावनी बोर्ड लगाने का कार्य सौंपा गया है। परिवहन विभाग को बसों की फिटनेस जांच, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण और बाढ़ में सुरक्षित यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व मिला है।

## जिला प्रशासन का ग्राम पाठखेड़ा में रात्रि चौपाल, ग्रामीणों से जनसंवाद



अशोकनगर (ए.)। कलेक्टर साकेत मालवीय सहित जिला प्रशासन के अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत पाठखेड़ा में रात्रि चौपाल एवं जलसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। रात्रि चौपाल में कलेक्टर मालवीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के हर संबंध निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मौके पर समाधान किया गया। साथ ही अन्य समस्याओं के निराकरण में समय सीमा निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने डोंगारा से हैदर की बीज रास्ता निर्माण कराये जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने सीईओं जिला पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिये। रात्रि चौपाल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, एसीडएम त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार रोहित रघुवंशी, सीईओ जनपद पंचायत एपी प्रजापति, नायब तहसीलदार सुश्री ऋतु परमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# इंदौर में पेट्रोल पंप पर बड़ा हादसा टला, टैंकर में लगी आग, ड्राइवर की सूझबूझ से बची जान-माल की क्षति



इंदौर, (ए.)। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के मांगलिया क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक पेट्रोल पंप पर खड़े टैंकर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि ड्राइवर की सूझबूझ और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।जानकारी के अनुसार, अशोक लेलैंड शोरूम के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर एक खाली हो चुका टैंकर खड़ा था। सुबह करीब 10 बजे टैंकर के केबिन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग भड़क उठी। आग लगते ही ड्राइवर ने बिना घबराए जलते टैंकर को तुरंत पेट्रोल पंप से दूर ले जाकर खड़ा कर दिया, जिससे आग पंप तक नहीं पहुंच सकी। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक टैंकर पानी की मदद से आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के अनुसार, हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने कुछ समय के लिए सड़क के एक हिस्से पर यातायात रोक दिया था, जबकि दूसरे मार्ग से वाहनों की आवाजाही जारी रही। पेट्रोल पंप कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों को भी तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कुछ देर तक इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### रेत खाली कर लौट रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

नरसिंहपुर(ए.)। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के साईंखेड़ा-गाडरवारा मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे लंबे समय तक यातायात बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, देवरी गांव के समीप रेत खाली कर लौट रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक रमेश राठौर निवासी ग्राम पीपरपानी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। युवक की मौत की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नाराज लोगों ने हादसे के लिए तेज रफ्तार और भारी वाहनों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए ट्रैक्टर को सड़क पर खड़ा कर चक्काजाम शुरू कर दिया।

## जिला प्रशासन का ग्राम पाठखेड़ा में रात्रि चौपाल, ग्रामीणों से जनसंवाद



अशोकनगर (ए.)। कलेक्टर साकेत मालवीय सहित जिला प्रशासन के अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत पाठखेड़ा में रात्रि चौपाल एवं जलसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। रात्रि चौपाल में कलेक्टर मालवीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के हर संबंध निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए।

रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मौके पर समाधान किया गया। साथ ही अन्य समस्याओं के निराकरण में समय सीमा निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने डोंगारा से हैदर की बीज रास्ता निर्माण कराये जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने सीईओं जिला पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिये। रात्रि चौपाल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, एसीडएम त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार रोहित रघुवंशी, सीईओ जनपद पंचायत एपी प्रजापति, नायब तहसीलदार सुश्री ऋतु परमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**पाठखेडा नदी में किया श्रमदान:**

कलेक्टर साकेत मालवीय ने ग्राम पाठखेडा में रात्रि विश्राम के पश्चात गुरूवार की सुबह जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तारतम्य में पाठखेडा नदी पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया। साथ ही जलसरंक्षण, भूजल रिजार्च और नदी पुर्नजीवन के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जन सहयोग से नदी की साफ सफाई एवं जमा गाद का हटवाया गया।

**प्रधानमंत्री आवास का किया निरीक्षण:**

भ्रमण के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा ग्राम पाठखेडा में प्रधानमंत्री जनमन आवास के अंतर्गत आदिवासी परिवारों के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन आवास के तहत प्राप्त होने वाली किश्तों के संबंध जानकारी प्राप्त की।

**आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण:**

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा ग्राम पाठखेड़ा ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति, संधारित पंजियों का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान भोजन एवं नाश्ता के समूह द्वारा वितरण की समस्या के बारे में बताया गया। इस पर कलेक्टर ने अविलंब निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

# धूप में तड़पते किसान वेयरहाउसों पर छाया ना पानी का इंतजाम

### – तुलाई के नाम पर वसूली का आरोप, किसान बोले– विरोध किया तो फसल अटक जाएगी

अशोकनगर (ए.)। जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी के बीच वेयरहाउसों पर किसानों की समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं। रातिखेड़ा गांव के पास स्थित श्री गिर्राजी वेयरहाउस और अमल वेयरहाउस पर किसानों ने तुलाई में गड़बड़ी और मूलभूत सुविधाओं की कमी के आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि प्रति क्विंटल 200 से 300 ग्राम तक अधिक तौल की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। समाचार पत्र प्रतिनिधि जब दियाधरी रोड स्थित दोनों वेयरहाउसों पर पहुंचे तो वहां किसानों की लंबी-लंबी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें लगी हुई थीं। भीषण गर्मी के बीच किसानों के लिए न तो पर्याप्त छाया की व्यवस्था थी और न ही ठंडे पानी की सुविधा। कई किसान अपनी ट्रॉलियों के नीचे बैठकर धूप से बचने का प्रयास करते नजर आए, वहीं कुछ किसान छोटे पेड़ों की छांव में बैठकर भोजन करते दिखाई दिए। किसानों ने बताया कि वेयरहाउसों पर गेहूं की



बोरियों का वजन 50 किलो 600 ग्राम तक तौला जा रहा है। हमाल ने बताया कि पहले 50 किलो 700 ग्राम तक अतिरिक्त तौल की जाती थी, जबकि पिछले दो दिनों से 600 ग्राम अतिरिक्त वजन लिया जा रहा है। श्री गिर्राजी वेयरहाउस पर पानी के लिए टैंकर रखा गया था, लेकिन खुले में खड़े रहने के कारण पानी अत्यधिक गर्म था। किसानों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में गर्म पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं अमल वेयरहाउस पर एक छोटा ड्रम रखा गया था, जिसमें ठंडा पानी तो था, लेकिन किसानों की संख्या के हिसाब से व्यवस्था बेहद कम थी। किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं की भारी कमी है। कई किसान सुबह से लेकर देर शाम तक अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन उनके बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं है। धूप से बचाव के लिए टेंट या शेड नहीं लगाए गए हैं।

## मंत्री श्री टेटवाल सार्वजनिक बस से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुँचे

सारंगपुर (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने के संदेश से प्रेरित होकर कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री



(स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर से पचोर तक सार्वजनिक परिवहन बस सेवा से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुँचे। मंत्री श्री टेटवाल ने कारकेड और औपचारिक प्रोटोकॉल से अलग आम नागरिकों के बीच बस में यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित का संदेश दिया। मंत्री श्री टेटवाल ने विगत दिनों पचोर में पेट्रोल पंप पर हुई दु:खद घटना में प्रभावित परिवारों से भेंट की। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। मंत्री श्री टेटवाल ने परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# व्यापार समाचार

## सोने की चमक बढ़ी, चांदी में आई 0.75 प्रतिशत की गिरावट

मुंबई (ए.)। सोने और चांदी में गुरुवार के शुरुआती सत्र में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। एक तरफ सोने में तेजी बनी हुई थी। वहीं, चांदी लाल निशान में थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 10˜36 पर सोने का 5 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 396 रुपए या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,62,638 रुपए पर था। अब तक के कारोबार ने सोने ने 1,63,055 रुपए का उच्चतम स्तर और 1,61,027 रुपए का न्यूनतम स्तर बनाया है।

सोने के उलट चांदी में कमजोरी देखी जा रही है। चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 2,238 रुपए या 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,98,000 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,94,450 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,99,000 रुपए का उच्च स्तर बनाया है। सोने की अपेक्षा चांदी में गिरावट की एक वजह मुनाफावसूली को भी माना जा रहा है, जो कि बुधवार के सत्र में 3,00,000 लाख रुपए के पार निकल गई है।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। कॉमेक्स पर सोना 0.03 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 4,708 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.87 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 87.68 डॉलर प्रति औंस पर थी। दूसरी तरफ, भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। सेंसेक्स और निफ्टी आधा-आधा प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।शुरुआती कारोबार में बाजार में तेजी का नेतृत्व फार्मा, हेल्थकेयर और मेटल शेयर कर रहे थे। सूचकांकों में निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी मेटल टॉप गेनर्स थे।निफ्टी एनर्जी, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी पीएसई, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी ऑयल एंड गैस के साथ करीब सभी सूचकांक हरे निशान में थे।

## महंगाई की मार : दूध के बाद अब सीएनजी भी हुई महंगी, अब इतने में मिलेगी 1 किलो गैस

मुंबई , (ए.)। मुंबई महानगर क्षेत्र में अब सीएनजी से सफर करना महंगा हो गया है। महानगर गैस लिमिटेड (MGL) ने CNG की कीमत में 2 प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें लागू होने के बाद मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई समेत पूरे MMR में CNG अब 84 प्रति किलोग्राम मिलेगी। इससे पहले इसकी कीमत 82 प्रति किलोग्राम थी।कंपनी के अनुसार, बढ़ती इनपुट कॉस्ट और मौजूदा बाजार परिस्थितियों के चलते यह फैसला लिया गया है। ल्लरु ने बयान जारी कर कहा कि वैश्विक स्तर पर गैस की बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल के दाम में उछाल और रुपये में कमजोरी के कारण गैस खरीद की लागत काफी बढ़ गई है। साथ ही महंगे गैस स्रोतों पर निर्भरता भी लागत बढ़ाने की बड़ी वजह बनी है। CNG के दाम बढ़ने के बाद ऑटो-रिक्शा यूनियनों ने किराया बढ़ाने की मांग तेज कर दी है। यूनियनों का कहना है कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों से ड्राइवरों की आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने बेस किराए में कम से कम ?1 की बढ़ोतरी की मांग रखी है।ल्ल्क्र में करीब 12.8 लाख वाहन CNG पर चलते हैं। इनमें लगभग 5 लाख ऑटो-रिक्शा और 1.6 लाख से अधिक टैक्सियां शामिल हैं। रिक्शा चालकों का कहना है कि नई कीमतों के बाद ऑटो चलाने की लागत ?18 प्रति किलोमीटर से अधिक पहुंच गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि बढ़ते खर्च को देखते हुए जल्द ही किराए में संशोधन किया जा सकता है।हालांकि, MGL का दावा है कि नई दरों के बावजूद CNG अब भी पेट्रोल और डीजल के मुकाबले किफायती ईंधन है। कंपनी के एक अधिकारी के मुताबिक, ?84 प्रति किलोग्राम की नई कीमत पर भी ष्टहृत्र, पेट्रोल की तुलना में करीब 44त्न और डीजल के मुकाबले लगभग 7% तक सस्ती है।

# आरबीआई दे सकता है रिकॉर्ड डिविडेंड

### –मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार को बड़ी राहत की उम्मीद
### –केंद्र को इस बार पिछले साल से भी अधिक सरप्लस मिलने की संभावना

नई दिल्ली,(ए.)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इस वर्ष केंद्र सरकार को अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने की तैयारी में है। मिडिल ईस्ट संकट और वैश्विक तेल बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच यह रकम सरकार के लिए बड़ा वित्तीय सहारा साबित हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, आरबीआई बोर्ड की इस महीने होने वाली बैठक में सरकार को दिए जाने वाले डिविडेंड और सरप्लस ट्रांसफर की अंतिम राशि पर फैसला लिया जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया था, जो उससे पिछले वर्ष के 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 27 प्रतिशत अधिक था। अब संभावना जताई जा रही है कि इस बार यह आंकड़ा और बड़ा हो सकता है।

आरबीआई द्वारा सरकार को दिया जाने वाला सरप्लस "इकोनॉमिक कैपिटल फ्रेमवर्क" के तहत तय किया जाता है। इस व्यवस्था के अनुसार रिजर्व बैंक को अपनी बैलेंस शीट में कंटीजेंट रिस्क बफर (सीआरबी) को 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाए रखना होता है। इसी



आधार पर यह निर्धारित किया जाता है कि बैंक सरकार को कितनी अतिरिक्त राशि ट्रांसफर कर सकता है। केंद्र सरकार के बजट दस्तावेजों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार को आरबीआई, सरकारी बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से कुल 3.16 लाख करोड़ रुपये डिविडेंड और सरप्लस के रूप में मिलने की उम्मीद है। यह चालू वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 3.75 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, जानकारों का मानना है कि वास्तविक राशि बजट अनुमान से ज्यादा हो सकती है।

इस उम्मीद की बड़ी वजह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मजबूत प्रदर्शन है।

सरकारी बैंकों ने वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है। बेहतर एसेट क्वालिटी, कर्ज वितरण में तेजी और बढ़ती आय के चलते इन बैंकों का कुल ऑपरेटिंग प्रॉफिट 3.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि नेट प्रॉफिट 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह लगातार चौथा वर्ष है जब सरकारी बैंकों ने सामूहिक रूप से लाभ दर्ज किया है।

बजट अनुमान के मुताबिक, सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य निवेशों से सरकार को 75 हजार करोड़ रुपये डिविडेंड मिलने की संभावना है। वहीं कुल नॉन-टैक्स रेवेन्यू 6.66 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आरबीआई इस बार रिकॉर्ड डिविडेंड देता है तो इससे सरकार को राजकोषीय घाटा नियंत्रित रखने, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर खर्च बढ़ाने और वैश्विक आर्थिक दबावों से निपटने में बड़ी मदद मिलेगी।

## रुपया बढ़त पर बंद



मुम्बई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज भारतीय रुपय तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 95.72 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ खुला और अपने ऑल-टाइम लो (सर्वकालिक निचले स्तर) पर पहुंच गया। रुपया सुबह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे टूटकर 95.86 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर खुला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 95.74 पर खुला और बाद में और गिरकर 95.86 के स्तर तक आ गया। वहीं बुधवार को रुपया 95.75 पर बंदु हुआ था।मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।

## प्लैटिनम पर आयात शुल्क दोगुना डीजल, हाइब्रिड कारों के दाम 18 हजार रुपए तक बढ़ सकते हैं

मुंबई(ए.)। पूर्व निदेशक रणधीर सिंह के मुताबिक, प्लैटिनम पर ड्यूटी बढ़ने से प्रदूषण नियमों के पालन की लागत बढ़ जाएगी। टाटा मोटर्स जैसी कंपनियां सबसे अधिक प्रभावित होंगी। पूर्व निदेशक रणधीर सिंह के मुताबिक, प्लैटिनम पर ड्यूटी बढ़ने से प्रदूषण नियमों के पालन की लागत बढ़ जाएगी। टाटा मोटर्स जैसी कंपनियां सबसे अधिक प्रभावित होंगी।- प्रतीकात्मक इमेज देश में डीजल एसयूवी और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कारें खरीदना महंगा पड़ेगा। प्लैटिनम पर प्रभावी आयात शुल्क 6.4% से बढ़कर 15.4% होना इसकी वजह है। इसका असर उन गाड़ियों पर होगा, जिनमें प्रदूषण नियंत्रण के लिए कीमती मेटल इस्तेमाल होते हैं।ऑटो कंपनियां बढ़ी लागत का बोझ सीधे ग्राहकों पर डाल सकती हैं। इससे मिड-साइज डीजल एसयूवी के दाम 12 हजार और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कारों की कीमतें 18 हजार तक बढ़ सकती हैं। एंट्री-लेवल पेट्रोल कारें भी 4 हजार तक महंगी हो सकती हैं।प्लैटिनम का इस्तेमाल गाड़ियों में बीएस-6 मानक पूरा करने के लिए होता है। नीति आयोग के पूर्व निदेशक रणधीर सिंह के मुताबिक, प्लैटिनम पर ड्यूटी बढ़ने से प्रदूषण नियमों के पालन की लागत बढ़ जाएगी। टाटा मोटर्स जैसी कंपनियां



सबसे अधिक प्रभावित होंगी। स्कॉर्पियो-एन, थार, एक्सयूवी-700 जैसे मॉडलों पर महिंद्रा का खर्च बढ़ेगा। टोयोटा और मारुति की स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कारों की लागत भी बढ़ेगी। हाइब्रिड गाड़ियों में इंजन बार-बार स्टार्ट होता है। इनके फिल्टर में ज्यादा प्लैटिनम लगता है।

**भारी वाहनों में प्लैटिनम की खपत ज्यादा होती है**

इंजन में प्रदूषण रोकने के लिए प्लैटिनम का इस्तेमाल होता है। भारी वाहनों में इसकी मात्रा अधिक होने से उनकी निर्माण लागत पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।

वाहन की कैटेगरी – प्लैटिनम की खपत
कमर्शियल वाहन – 20+
हाइब्रिड कारें – 10-15
मंझौली डीजल एसयूवी – 6-10
पेट्रोल कारें – 2-4
(आंकड़े ग्राम में)

**राहत – पुराने साइलेंसर से निकलेगा सस्ता प्लैटिनम**

साइलेंसर फिल्टर के लिए विदेशी प्लैटिनम पर 7.5त्न टैक्स ही लगेगा। सरकार ने अब विदेश से पुराने और खराब फिल्टर मंगाने पर टैक्स घटाकर 4.35% कर दिया है। इससे खराब साइलेंसर से प्लैटिनम निकालकर और उसे दोबारा इस्तेमाल करना सस्ता होगा। इस फैसले से देश में रिसाइकिलिंग को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, प्लैटिनम महंगा होने से वेंडर अब ऑटो कंपनियों से ज्यादा कीमतें वसूलेंगे।

**असर – ईवी में बढ़ सकती है ग्राहकों की दिलचस्पी**

प्लैटिनम महंगा होने से इलेक्ट्रिक कारों की डिमांड बढ़ सकती है। इनमें प्रदूषण नियंत्रण के लिए कैटालिटिक कन्वर्टर्स की जरूरत नहीं होती। कंपनियां हाइड्रोजन तकनीक पर भी फोकस बढ़ा सकती हैं। रिसर्च बढ़ने से भविष्य में ये कारें सस्ती हो सकती हैं। कंपनियां अभी ड्यूटी बढ़ने का असर आंक रही हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## श्रमिकों की सौदेबाजी की क्षमता गिरी

पीएलएफएस के मुताबिक श्रमिकों को कोरोना काल के पहले एक हफ्ते में जितने घंटे मिलते थे, आज उससे कम मिल रहे हैं। ऐसे में श्रमिकों की सौदेबाजी की क्षमता गिरी है और कार्य-स्थितियां बिगड़ी हैं। नतीजा बढ़ती श्रमिक अशांति है।भारत में 2025 में श्रमिकों के लिए कम कामकाजी घंटे उपलब्ध हुए। यह तथ्य ताजा आवधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से सामने आया है। इस हाल के निहितार्थ दूरगामी हैं। बारीक नजर डालें, तो मालूम पड़ेगा कि विभिन्न हिस्सों में इस समय दिख रही श्रमिक अशांति से लेकर एफएमसीजी (यानी तेल-साबुन जैसी रोजमर्रा उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली) कंपनियों पर बढ़ते दबाव के पीछे इसकी भूमिका है। एक खबर के मुताबिक इक्विटी निवेशक भारत की एफएमसीजी कंपनियों से मुंह मोड़ रहे हैं। यानी उन्हें नहीं लगता कि इन कंपनियों की बिक्री और मुनाफे में स्वस्थ बढ़ोतरी होगी। इस बढ़ोतरी का संबंध आम जन की आमदनी और उपभोग से है, जबकि आमदनी बढ़ने की गुंजाइशें सिकुड़ रही हैं। पीएलएफएस के मुताबिक श्रमिकों को कोरोना काल के पहले एक हफ्ते में जितने घंटे मिलते थे, आज उससे कम मिल रहे हैं। भारत की श्रम शक्ति में 56 फीसदी हिस्सा स्वरोजगार कर्मियों का है। जनवरी-दिसबंर 2025 की अवधि में ऐसे कर्मियों को उपलब्ध काम के घंटों में सबसे बड़ी गिरावट आई। जुलाई 2018 से जून 2019 के बीच ऐसे कर्मियों को हफ्ते में औसतन 46.6 घंटे का काम मिल जाता था। मगर पिछले वर्ष ये औसत 39.6 घंटे प्रतिशत रहा। दिहाड़ी और वेतनभोगी कर्मियों के कामकाजी घंटे क्रमश: 43.1 और 50.2 से घटकर 41.2 और 48.8 घंटे रह गए। स्पष्टत: इन सबकी औसत आमदनी घटी। नई परिभाषा के तहत घरेलू कार्य में मददगार परिजनों को भी कामकाजी माना जाता है।गांवों में ज्यादातर महिलाएं इस दायरे में आती हैं। उनके कामकाजी घंटे 2018-19 के 38.2 घंटों की तुलना में पिछले साल 32.6 घंटे रह गए। नतीजतन, शहरों की तरफ पलायन के रूप में हुआ है, जबकि वहां भी अवसर घटे हैं। ऐसे में श्रमिकों की सौदेबाजी की क्षमता गिरी है। अत: कंपनियों में उनसे न्यूनतम वेतन पर 12 घंटों तक काम लिया जा रहा है। इसके बावजूद जब रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं होतीं, तो नोएडा जैसे हालात बनते हैं। इस कारण मांग और उपभोग भी गिरता है, तो कंपनियों का मुनाफा प्रभावित होता है। भारत में ये दुश्चक्र गंभीर होता जा रहा है।

# तमिलनाडु : थलपति विजय की क्वांटम लीप

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

क्वांटम लीप वैज्ञानिक शब्दावली का टर्म है, लेकिन यदि भारतवर्ष की बीती अर्द्धशती की राजनीति का सिंहावलोकन करें तो इस टर्म को दक्षिण भारत की राजनीति के सन्दर्भ में बाखूबी प्रयुक्त किया जा सकता है। दक्षिण भारत के मतदाताओं में सिने-कलाकारों के प्रति गजब का क्रेज है और वहां लंबी नीहारिका है, जिसने राजनीति में चमकीली सफलता अर्जित की। एनटी रामाराव, एमजी रामचंद्रन, जयललिता, करूणानिधि और पवन कल्याण की फेहरिस्त में अब एक नया नाम आ जुड़ा है। यह नाम है विजय थलपति का, जो सिने-स्टारडम से लंबी छलांग लगाकर तमिलनाडु जैसे महत्वपूर्ण प्रांत के मुख्यमंत्री की कुर्सी तक जा पहुंचे हैं।

थलपति यानि कमांडर के नाम से विख्यात विजय का पूरा नाम है जोसेफ विजय चंद्रशेखर। अगले माह 22 जून को वह अपने जीवन के बावन वर्ष पूरे कर लेंगे। उनके पिता एसए चंद्रशेखर ईसाई हैं और मां शोभा हिन्दु। यह इसी पृष्ठभूमि का प्रभाव है कि वह मंदिर भी जाते हैं और चर्च भी, साथ ही उन्हें मस्जिद और दरगाह जाने में कोई संकोच नहीं होता। तमिल-सिनेमा से उनका नाता इस नाते पुराना है कि उनके पिता सिने निर्देशक रहे हैं और कांग्रेस के प्रति उनकी रूझान रही है। चेन्नै में जनमे विजय की पढ़ाई भी स्थानीय लोयोला कॉलेज में हुई और उन्होंने शुरूआती डेढ़ दो दशक तक अपना ध्यान पूरी तौर पर फिल्मों पर केंद्रित किया। इसके बाद वह सार्वजनिक जीवन की ओर मुड़े और फैन क्लबों के जरिये उन्होंने सधे हुये कदमों से वह यात्रा शुरू की, जिसकी परिणति चार मई, 26 को उनकी आशातीत राजनीतिक सफलता और उपलब्धि में हुई।

थलपति विजय आज तमिल सिनेमा की सफलतम और शीर्षस्थ कमाऊ सितारों की सूची में शुमार हैं। वह अब तक 69 फिल्मों में लीड-भूमिकाओं में आ चुके हैं और फिल्म में उनकी मौजूदगी टिकट खिड़की पर सफलता की गारंटी मानी जाती है। यदि उनके जीवन-



वृत्त को खंगालें तो दिलचस्प तौर पर पिता के प्रोत्साहन और प्रेरणा पर उन्होंने अपना सिनेमाई सफर सन 1984 में तमिल फिल्म वेट्री में बाल कलाकार के तौर पर किया। पिता द्वारा निर्देशित कुछ फिल्मों में बाल भूमिकाएं निभाने के उपरांत 18 वर्ष की वय में 1992 में उन्हें नालैया थीर्पु में नायक की भूमिका निभाने का मौका मिला। तदंतर पूर्व उनक्कगा, लव टुडे, कडलुक्कू मरियाधई, थुल्लथ, मानामम थुल्लम, कुशी, प्रियम्मनावले और फ्रेंड्स आदि ने एक दशक में उन्हें तमिल सिने उद्योग में शिखर पर पहुंचा दिया। इसके बाद के ढाई दशक रूपहले पर्दे पर उनकी धूम की दहाई थी। वह तमिल सिने दर्शकों की पहली पसन्द बनकर उभरे। अंतत: सन 2024 में उन्होंने सिनेमा को सायोनारा कह दिया और राजनीति उनका पहला प्रेम बनकर उभरी। दिलचस्प बात है कि इसी साल आई उनकी फिल्म का टाईटिल था ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम। मगर उनकी अंतिम फिल्म जन नायगान का रिलीज होना अभी शेष है।

फरवरी, सन 2024 में विजय ने अपनी नयी पार्टी लाँच की। द्रविड़ पार्टियों के वर्चस्व की अर्द्धशती के परिप्रेक्ष्य में यह एक साहसिक कदम था, लेकिन यह साहस उन्हें फला। नयी पार्टी का उन्होंने नाम रखा तमिलगा वेट्री कझगम। बताते हैं कि वह विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के इच्छुक थे। इसके वास्ते उन्होंने राहुल गांधी से भेंट व चर्चा भी की थी, लेकिन द्रमुक से जारी गठबंधन और स्थानीय ईकाई के परामर्श से वह ऐसा करने से हिचक गये। फलत: कांग्रेस और टीवीके मेल सिरे नहीं चढ़ा।

यह सोचना भ्रामक होगा कि थलपति की सियासी सफलता दो वर्ष की सक्रियता का नतीजा है। इसके पीछे बिलाशक उनके फैन क्लबों की गतिविधियों का हाथ है। थलपति ने सन 2009 में अपने फैन क्लब विजय मक्काल इयक्कम की नींव डाली थी। समय के साथ ये फैन क्लब समूचे तमिलनाडु में ओरछोर फैल गये। इन क्लबों ने राहत कार्यों, शिक्षण, प्रशिक्षण और चैरिटी का काम हाथ में लिया। इसने उनकी सिनेमाई छवि में हातिमताई के रंगे भरे। आपदा पीड़ितों के लिये दरवाजे और थैलियां खोलने ने जननायक की संवदेनशील छवि अर्जित करने में मदद की। इसके बावजूद जब-तब उनकी सियासत में रूचि और रूझान सामने आती रही। सन 2011 के चुनाव में उन्होंने अन्नाद्रमुक-नीत गठबंधन को समर्थन दिया। सन 2019 में उन्होंने नागरिकता अधिनियम का यह कहकर विरोध किया कि इससे सामाजिक-धार्मिक सौमनस्यता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सन 2022 में उनके फैन क्लब के सदस्यों ने निकाय चुनावों में शिरकत की और 115 सीटों पर सफलता पाई। उनकी बढ़ती लोकप्रियता प्रमाण 27 सितंबर, 2025 को करूर में तब मिला, जब उनकी रैली में भगदड़ से 41 लोगों की जानें गयीं। इस पर उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की और हताहतों के लिये धनराशि वितरित की।

थलपति विजय की खूबी है कि उन्होंने करीब 85000 फैन क्लबों की मजबूत चुनावी मशीनरी में बदल दिया है। ये क्लब उन्हें कार्यकर्ता, चुनावी भीड़ और समर्थक तो जुटाते ही हैं, उनकी नायक की छवि में निर्मित करते हैं। जब वह भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की बात करते हैं तो यह छवि उसमें सहायक होती है। उनकी यह इमेज़ दक्षिण भारतीय मतदाताओं की सितारों के प्रति नैसर्गिक चाहत को पोसती है। मान सकते हैं कि सन 2011 में जयललिता को समर्थन की परिणति ने उनके मन में सियासत में शिरकत का बिरवा रोपा था। बहरहाल, ताजा चुनाव में टीवीके की 108 सीटों पर कामयाबी से वह नया इतिहास रचने में सफल रहे हैं। उन्होंने स्वयं दो सीटों पेरांबूर और त्रिची ईस्ट से चुनाव लड़ा और विजयी रहे। यह भी तय है कि बहुमत से कुछ सीटों का फासला पूरने में वह सफल होंगे। तयशुदा है कि दोनों लेफ्ट पार्टियां भी उन्हें समर्थन देंगी। नतीजों के बाद वह राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा जता चुके हैं। कांग्रेस ने समर्थन के साथ यह शर्त जरूर नत्थी की है कि विजय सांप्रदायिक ताकतों से दूरी बरतेंगे, संवैधानिक मूल्यों का पान करेंगे, थंथाई पेरियार के सामाजिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता रखेगें और पेरूंथ लैवर कामराज के गौरवशाली दिनों की वापसी के लिये जतन करेंगे। जहां तक विजय के विचारों की बात है वह स्पष्ट कर चुके हैं कि द्रमुक उनकी राजनीतिक बैरी है और बीजेपी वैचारिक शत्रु।

# विधानसभा चुनावों के परिणाम से विपक्षी दलों पर धुंध छाई

**अजय दीक्षित**

पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पांडिचेरी के विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर विपक्ष में भ्रम की स्थिति है क्योंकि कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दलों को लगता है कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव हारना काफी मुश्किल है। राजनीतिक विश्लेषकों आशुतोष, जयंत घोषाल, राजीव रंजन,का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र,बिहार, असम, उड़ीसा, और अब पश्चिमी बंगाल में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने एक तरफा जीत हासिल की है उससे तो लगता है कि 2029 लोकसभा चुनाव का रास्ता उसके लिए साफ हो गया है क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा,में भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन 240 सीट पर आकर टिक गया था। लेकिन अब वह बात नहीं क्योंकि पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने बाद उसकी 42 लोकसभा सीट पर उसे अब आसानी होगी।

आशुतोष कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी और अन्य पार्टियां में आइडियोलॉजी का फर्क है। भाजपा चुनाव इस लिए लड़ती है कि वह आरएसएस और अपनी एजेंडे को लागू कर सके चाहे वह अनुच्छेद 370 का मामला हो या राममंदिर का मसला, ।अब भाजपा के समक्ष बांग्लादेशी घुसपैठ, कॉमन सिविल कोड, जैसे बड़े मामले है । जिसमें एक सीट परिसीमन, महिला आरक्षण संबंधी विधेयक संसद से पारित कराने है। राष्टीय स्वयंसेवक संघ अपने अनुसार एक बृहद शिक्षा नीति बनाना चाहता है। दूसरी ओर विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि वे सरकार में सत्ता करने वाला खेल खेलते हैं। यद्यपि दक्षिण भारत में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना में अलग अलग पार्टियों का शासन है लेकिन उनके पास भी हिंदी ब केंद्रीय सरकार का मुद्दा है क्योंकि वे चाहते हैं कि भारत लोकतांत्रिक देश में राज्यों की भूमिका अधिकतर तथ्यों में है। वे रक्षा, वित्त, दूरसंचार,विदेश मामलों तक केंद्रीय सरकार को जिम्मेदार बनाते हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय भूमिका की पक्षधर है।

राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की सरकार आजादी के बाद लगभग साठ साल रही लेकिन उद्देश्य पूर्ण कार्य जवाहरलाल नेहरू, श्रीमति इंदिरा गांधी,ने किया बाद में नरसिंह राव सरकार ने भी उदारीकरण नीति बनाई जिससे देश का वित्तीय विकास हुआ , रोजगार का सृजन हुआ। लेकिन उसके बाद अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने भारतीय जनता पार्टी सरकार की नींव रखी थी जिसमें दक्षिण पंथी विचारों को अपनाया गया। लेकिन 2004से ,2014 तक मनमोहन सिंह सरकार ने उद्देश्य हीन ही सरकार चलाई जिसमें भ्रष्टाचार का बोलबाला था। राज्यों में जैसे पश्चिमी बंगाल में 37 साल लेफ्ट पार्टियों की सरकार रही थी उस कालखंड में कोलकाता, पूरे राज्य का ओद्योगिक ढांचा समाप्त हो गया था। टीएमसी ने 15 वर्ष उसे खड़ा करने कोई प्रयास नहीं किया।जुट उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस प्रकार बीएसपी की उत्तर प्रदेश में 2002 से 2007 तक बिना किसी उद्देश्य के चली ।बाद में समाजवादी पार्टी की सरकार 2007से 2012 तक भी कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ । भारत के राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, राजस्थान,ने उल्लेखनीय कार्य किया। कांग्रेस, ,बीजेडी,डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस,सपा , टीवीके,आप, एआईडीएमके, राजेडी,सीपीई,सीपीएम, टीआरएस, सहित अनेक पार्टियां ऐसी है कि कुनवा चला रहा है । इन पार्टियां ने मुस्लिम तुष्टिकरण को हवा दी है । जिसमें सपा, डीएमके, तुड़मूल , कांग्रेस,राजद,ने तो मुसलमानों को जैसे वोट बैंक ही बनाया। इन पार्टियां के प्रमुखों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है।2027 में उत्तर प्रदेश,पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होने है ।जिसमें से हिमाचल प्रदेश को छोड़कर सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सरकारें है।

## (विचार-मंथन) केरल के मुख्यमंत्री का चयन 10 दिन में

– सनत जैन

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद सबसे अधिक चर्चा जिस मुद्दे को लेकर हुई, वह केवल जीत-हार तक सीमित नहीं रही, बल्कि कांग्रेस संगठन की कार्यप्रणाली और नेतृत्व क्षमता भी बहस के केंद्र में आ गई। विशेष रूप से केरल में कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को स्पष्ट बहुमत मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री के चयन में दस दिन का समय लगना राजनीतिक हलकों में चर्चा और आलोचना का विषय बन गया। गौरतलब है कि 4 मई को चुनाव परिणाम घोषित किए गए थे और कांग्रेस के पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या थी। बावजूद इसके पार्टी मुख्यमंत्री के नाम पर जल्दी निर्णय नहीं ले सकी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को विधायक दल के नेता के चयन का अधिकार पहले ही दे दिया गया था। उन्होंने विधायकों और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा भी की, लेकिन आम सहमति नहीं बन सकी। अंतत: पार्टी को जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, दीपा दासमुंसी और अजय माखन जैसे वरिष्ठ नेताओं को केरल भेजना पड़ा। दो दिन की मशक्कत के बाद वीडी सतीशन के नाम पर सहमति बनी और उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हुआ। यह स्थिति उस पार्टी के लिए निश्चित रूप से चिंताजनक मानी जाएगी, जो कभी देश की सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति थी। केरल जैसे राज्य, जहां कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का सीधा राजनीतिक जुड़ाव रहा है, वहां भी नेतृत्व चयन को लेकर इतना लंबा गतिरोध कांग्रेस की आंतरिक स्थिति को उजागर करता है। विडंबना यह रही कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और यूडीएफ के कई सहयोगी दल पहले ही वीडी सतीशन के समर्थन में खुलकर सामने आ चुके थे। सतीशन लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहे हैं और उन्हें जमीनी नेता माना जाता है।

## (चिंतन-मनन) दूसरे की गलती

एक बार गुरु श्यामानंद ने अपने चार शिष्यों को एक पाठ पढ़ाया। पढ़ाने के बाद वह अपने शिष्यों से बोले, अब तुम चारों इस पाठ का बार-बार अध्ययन कर इसे याद करो। इस बीच यह ध्यान रखना कि तुम में से कोई बोले नहीं। थोड़ी देर बाद मैं तुमसे इस पाठ के बारे में बात करूंगा। यह कहकर श्यामानंद वहां से चले गए। उनके जाने के बाद चारों शिष्य अलग-अलग बैठकर पाठ का अध्ययन करने लगे।अचानक बादल घिर आए और वर्षा की संभावना बन गई। यह देखकर एक शिष्य बोला, लगता है, तेज बारिश होगी। यह सुनकर दूसरे ने कहा, तु ?हें बोलना नहीं चाहिए था। तभी तीसरा बोला, तुम लोगों ने बोलकर गुरुजी की आज्ञा भंग कर दी है। चौथा शिष्य चुपचाप पाठ पढ़ता रहा। इसी बीच श्यामानंद वहां आ गए। उन्हें देखकर पहला शिष्य बोला, गुरुजी, यह मौन नहीं रहा और बोलने लगा। दूसरा शिष्य बोल पड़ा, तो तुम कौन सा मौन थे। तुम भी तो बोल पड़े थे। तीसरे ने कहा, इन दोनों ने बोलकर आपकी आज्ञा भंग कर दी है। यह सुनकर दोनों तपाक से बोले, तुम भी तो बोल ही पड़े थे। मगर चौथा शिष्य अभी भी चुप था।




मेष राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा जिससे आपको राहत महसूस होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है,जल्द ही आप करियर में नया मुकाम हासिल होगा। आज नया काम शुरू करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिये।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर विरोधी आपकी शिकायत कर सकता है। किसी नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें किसी बड़ी जगह पर परफॉर्मेंस का मौका मिल सकता है।

कर्क राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को जरूरी यात्रा करनी पड़ सकती है। अगर आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। जिससे दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं।

कन्या राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम करके गुजारेंगे। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। आपको काम में कुछ नये लोगों के साथ साझेदारी करने का मौका मिल सकता है।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए कुछ नया अनुभव लेकर आएगा। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है।

धनु राशि- आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको एक नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आपको माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है।

# अनियंत्रित ओ,टी,टी प्लेटफॉम पर बढ़ती अभद्रता, किशोर मन में बढ़ता दुष्प्रभाव।

संजीव ठाकुर,

डिजिटल युग ने मनोरंजन की दुनिया में आमूल चूल परिवर्तन कर दिया है। पहले जहां सिनेमा, दूरदर्शन और पारिवारिक धारावाहिक मनोरंजन के प्रमुख और आदर्श साधन थे, वहीं आज ओटीटी प्लेटफॉर्म ने हर व्यक्ति के हाथ में निजी मनोरंजन का खुला एवं मर्यादाविहीन संसार दे दिया है। मोबाइल फोन और सस्ती इंटरनेट सेवाओं ने वेब सीरीज और फिल्मों को घर-घर, गांव गांव तक पहुंचा दिया है। यह गंभीर परिवर्तन तकनीकी दृष्टि से जितना उपयोगी और आधुनिक दिखाई देता है, उतना ही चिंताजनक उसका दूसरा पक्ष भी है। अनेक ओटीटी मंचों पर अश्लीलता, अत्यधिक नग्नता, हिंसा, गाली-गलौज और विकृत संबंधों को जिस प्रकार परोसा जा रहा है, उसने विशेष रूप से टीनएजर युवक युवतियों की मानसिकता और सामाजिक सोच को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। और ऋणात्मक प्रभाव पैदा करना शुरू कर दिया है।

ओटीटी मंचों का मूल उद्देश्य मनोरंजन और रचनात्मक स्वतंत्रता था, किंतु धीरे-धीरे कुछ निर्माताओं ने लोकप्रियता और त्वरित आर्थिक लाभ के लिए उत्तेजना आधारित सामग्री को अधिक महत्व देना प्रारंभ कर दिया। आज अनेक वेब सीरीज ऐसी हैं जिनमें कहानी से अधिक महत्व अंतरंग दृश्यों, असंयमित भाषा और उच्छृंखल जीवनशैली को खोलकर परोसा जाता है। समस्या केवल नग्नता दिखाने की नहीं है, बल्कि उसे आधुनिकता, स्वतंत्रता और प्रगतिशीलता का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति अधिक खतरनाक है।

युवा अवस्था स्वयं में संवेदनशील और जिज्ञासापूर्ण होती है। इस आयु में व्यक्ति अपने व्यक्तित्व, नैतिकता और सामाजिक व्यवहार का निर्माण कर रहा होता है। जब किशोर और युवा लगातार ऐसी सामग्री देखते हैं जिसमें संबंधों की गंभीरता के स्थान पर केवल शारीरिक आकर्षण को महत्व दिया जाता है, तब उनके मन में जीवन और रिश्तों के प्रति भ्रम उत्पन्न होने लगता है। धीरे-धीरे वे वास्तविक जीवन और आभासी मनोरंजन के बीच का अंतर समझने में कठिनाई अनुभव करने लगते हैं।

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि लगातार उत्तेजक दृश्य देखने से युवा मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे ध्यान भटकना, पढ़ाई में अरुचि, अवसाद, चिड़चिड़ापन और असंयमित व्यवहार जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कई बार युवा इन वेब सीरीज के पात्रों को आदर्श मानकर उनके व्यवहार की नकल करने लगते हैं। परिणामस्वरूप सामाजिक मर्यादाएं और पारिवारिक संस्कार कमजोर पड़ने लगते हैं।

सबसे गंभीर और चिंताजनक बात यह है कि ओटीटी पर उपलब्ध सामग्री तक पहुंचना अत्यंत सुलभ और आसान है। मोबाइल पर कुछ क्लिक करते ही किशोर आयु के बच्चे भी ऐसी सामग्री देख सकते हैं जो उनके मानसिक विकास के लिए बहुत ही खतरनाक होती। अभिभावकों की अति व्यस्तता और डिजिटल जागरूकता की कमी के कारण बच्चे अक्सर बिना किसी निगरानी के इन मंचों का उपयोग करते हैं। यह स्थिति आने वाले समय में सामाजिक असंतुलन का कारण बन सकती है।

युवा वर्ग पर इसका प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक व्यवहार में भी दिखाई देने लगा है। रिश्तों के प्रति गंभीरता कम होना, महिलाओं को केवल आकर्षण की वस्तु के रूप में देखना, त्वरित सुखवाद की प्रवृत्ति और पारिवारिक मूल्यों से दूरी, ये सब धीरे-धीरे समाज में बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। प्रेम, त्याग, संवेदना और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों की जगह क्षणिक आकर्षण और दिखावटी आधुनिकता ने लेना शुरू कर दिया है।

यह भी सत्य है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी भी लोकतांत्रिक समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कला और साहित्य को अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए। किंतु स्वतंत्रता और स्वच्छंदता में अंतर होता है। यदि मनोरंजन के नाम पर सामाजिक मर्यादाओं को लगातार कमजोर किया जाए, तो उसका प्रभाव अंतत: समाज की नैतिक संरचना पर पड़ता है। इसलिए यह आवश्यक है कि रचनात्मक स्वतंत्रता के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी जुड़ा रहे।

सरकार और संबंधित संस्थाओं को ओटीटी सामग्री के लिए प्रभावी और स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने चाहिए।कम आयु वर्ग के अनुसार सामग्री का वर्गीकरण कठोरता से लागू हो तथा अश्लीलता और अनावश्यक नग्नता पर स्पष्ट सीमाएं और नियंत्रण निर्धारित हों। केवल चेतावनी लिख देना पर्याप्त नहीं है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को तकनीकी रूप से ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए जिससे कम उम्र के बच्चे वयस्क सामग्री तक आसानी से न पहुंच सकें।

इसके साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। केवल बच्चों को मोबाइल दे देना और फिर उनकी गतिविधियों से अनजान रहना उचित नहीं है। माता-पिता को बच्चों के साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, उन्हें अच्छे और बुरे मनोरंजन के बीच का अंतर समझाना चाहिए तथा परिवार में सांस्कृतिक और नैतिक वातावरण को मजबूत बनाना चाहिए।

विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी डिजिटल नैतिकता और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। युवाओं को यह समझाना आवश्यक है कि वास्तविक जीवन की सफलता केवल दिखावटी आधुनिकता या उत्तेजना में नहीं, बल्कि संयम, चरित्र, ज्ञान और संतुलित सोच में निहित होती है।



## जालंधर की लेखिका सीमा आनंद ने राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी को भेंट की पुस्तक 'टाइमलेस ट्रेल्स'

जालंधर (आरएनएस)। जालंधर शहर की लेखिका सीमा आनंद चोपड़ा द्वारा रचित कॉफी-टेबल बुक 'टाइमलेस-ट्रेल्स' हाल ही में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को लेखिका ने भेंट की। यह पुस्तक सुंदर चित्रों और शोधपरक लेखों के माध्यम से विरासत को संरक्षित करने का एक शानदार प्रयास है।'टाइमलेस ट्रेल्स' पुस्तक में अनेक ऐसे भाग हैं, जो भारत एवं ब्रिटेन की समृद्ध विरासत, इतिहास एवं संस्कृति को इतने रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि पढ़ने वाले (Reader) को ऐसा प्रतीत होता है मानो वह वहां स्वयं उपस्थित हो।

इस अवसर पर दीया कुमारी जी ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि 'टाइमलेस-ट्रेल्स' जैसी कृतियां हमारी हर पीढ़ी को अपनी जड़ों और इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने पुस्तक के प्रत्येक अध्याय को ध्यानपूर्वक देखा और लेखिका सीमा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने में ऐसी पुस्तकों की अहम भूमिका है।

मुलाकात के दौरान लेखिका ने उनसे कहा कि राजस्थान और पंजाब का संबंध तो सदियों पुराना है। दीया कुमारी स्वयं जयपुर के शाही परिवार से हैं और विरासत संरक्षण के प्रति उनका समर्पण बेहद प्रेरणादायक है।

इस पुस्तक की सबसे खास बात यह है कि 'टाइमलेस ट्रेल्स' का प्राक्कथन दीया कुमारी जी के पिता महाराजा भवानी सिंह जी के मित्र, कपूरथला के महाराजा ब्रिगेडियर सुखजीत सिंह जी ने लिखा है। इसे पढ़कर दीया कुमारी जी भावुक हो गईं। अंत में लेखिका सीमा आनंद चोपड़ा ने श्रीमती दीया कुमारी को धन्यवाद कहा और उन्हें अपनी पुस्तक भेंट करना एक गर्व का विषय बताया।

## 22 साल में 54 विदेश यात्रा... कमाई 11 करोड़ और खर्च किए 60 करोड़; बीजेपी ने राहुल गांधी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके विदेश दौरों और उनसे जुड़े कथित खर्च को लेकर सवाल उठाए हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि राहुल गांधी ने वर्ष 2004 से 2026 के बीच 54 निजी विदेश यात्राएँ की हैं, जिन पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इन दौरों में कोई आधिकारिक सरकारी या संसदीय यात्रा शामिल नहीं है।

पात्रा ने राहुल गांधी की घोषित आय का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 के बीच उनकी कुल आय लगभग 11 करोड़ रुपये रही है। ऐसे में उन्होंने सवाल उठाया कि जब घोषित आय सीमित है, तो विदेश यात्राओं पर इतना खर्च कैसे हुआ और इसका स्रोत क्या है।

उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी पिछले 22 वर्षों से जनप्रतिनिधि हैं और इस दौरान उन्होंने इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, सिंगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों की यात्रा की है।

भाजपा ने यह आरोप भी लगाया कि इन यात्राओं से जुड़े कई रिकॉर्ड और तस्वीरें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, लेकिन उनके वित्तपोषण के स्रोत और भुगतान प्रक्रिया को लेकर अब तक स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में पात्रा ने कहा कि मुख्य सवाल यह है कि इन कथित निजी यात्राओं की फंडिंग किस माध्यम से हुई और इसका पूरा विवरण सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया है।

## निकाय चुनाव में जनता ने मोदी और भाजपा की नीतियों पर लगाई मुहर : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनाव में जीत दर्ज करने पर सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आम जनता ने निकाय चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर जीत की मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री बुधवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद है, उनके नेतृत्व में नॉन स्टॉप भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बन रही हैं। प्रधानमंत्री की नीतियों पर लगातार आम जनता का विश्वास बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार झूठ का सहारा लेकर लोगों के बीच में जाती है। लोग कांग्रेस के चेहरे को जान गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, असम में भारी बहुमत से भाजपा ने जीत दर्ज की। इसी तरह हरियाणा में हुए निकाय चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता ने चुनावों में कांग्रेस के चेहरे से नकाब उतारा है। कांग्रेस झूठ बोलने का काम करती है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताया है।

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच ब्रिक्स से रचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका की बढ़ रही उम्मीदें : जयशंकर

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ब्रिक्स 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच यह उम्मीद बढ़ रही है कि ब्रिक्स वैश्विक अनिश्चितता, संघर्षों और आर्थिक चुनौतियों के बीच एक रचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका निभाएगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत मंडपम में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की मीटिंग में ओपनिंग स्पीच देते हुए कहा, भारत की अध्यक्षता आपके सपोर्ट की तारीफ करती है, जिसने हमारे काम की लगातार तरक्की में मदद की है। बता दें, 2026 में भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। मौजूदा ग्लोबल हालात पर जोर देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह मीटिंग ऐसे समय में हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बड़े बदलाव और अस्थिरता है।

उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में काफी उतार-चढ़ाव हैं, चल रहे झगड़े, आर्थिक अनिश्चितताएं और व्यापार, तकनीक और जलवायु को लेकर चुनौतियां वैश्विक माहौल को बना रही हैं।

ब्रिक्स समूह के महत्व पर जोर देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, खासकर उभरते बाजारों और विकासशील देशों से यह उम्मीद बढ़ रही है कि ब्रिक्स एक संरचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका निभाएगा।

चल रही बातचीत के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चर्चाओं ने बड़े वैश्विक और क्षेत्रीय विकास पर सोचने और सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के प्रैक्टिकल तरीकों को खोजने का मौका दिया।

जलवायु से जुड़ी चिंताओं को लेकर भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि



क्लाइमेट चेंज एक जरूरी ग्लोबल मुद्दा बना हुआ है जिस पर मिलकर ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, क्लाइमेट चेंज एक बड़ी चिंता बनी हुई है। हमारी बातचीत में बराबरी और आम लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने ग्लोबल ऑर्डर पर तकनीक में तरक्की के बढ़ते असर पर भी जोर दिया और कहा कि इन विकास का इस्तेमाल अच्छे शासन और सबको साथ लेकर चलने वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्री ने जोर दिया कि शांति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे ग्लोबल ऑर्डर के लिए अहम बने हुए हैं और अलग-अलग इलाकों में जारी झगड़ों के बीच बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर जोर दिया।


उन्होंने कहा, शांति और सुरक्षा के मुद्दे ग्लोबल ऑर्डर के लिए सेंट्रल बने हुए हैं। हाल के झगड़े बातचीत और कूटनीति के महत्व को और दिखाते हैं। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत सहयोग की भी अपील की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रिक्स फ्रेमवर्क के अंदर सहयोग को मजबूत करने के लिए लगातार समर्थन के लिए सभी हिस्सा लेने वाले डेलिगेशन को धन्यवाद दिया।

विदेश मंत्री ने कहा, अध्यक्ष के तौर पर, मैं हर डेलिगेशन को उनकी मौजूदगी और ब्रिक्स फ्रेमवर्क के अंदर सहयोग को मजबूत करने के उनके लगातार कमिटमेंट के लिए धन्यवाद देता हूं। हम सभी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय एंगेजमेंट के जरिए करीबी और लगातार संपर्क में रहते हैं। आज ब्रिक्स मीटिंग के लिए इकट्ठा होना एक खास मौका है। यह हमें नजरिए शेयर करने और कन्वर्जेंस विकसित करने के लिए बढ़ावा देता है। इस जटिल और अनिश्चित दुनिया में, यह और भी ज्यादा जरूरी है।

ब्रिक्स के अध्यक्ष के तौर पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत बातचीत के दौरान खुली और रचनात्मक वार्ता को आसान बनाएगा और हिस्सा लेने वाले डेलिगेशन को अपनी बात खुलकर रखने के लिए बढ़ावा देगा।

उन्होंने कहा, आपके इनपुट हमारी बातचीत को गाइड करने और अच्छे नतीजों में मदद करेंगे। मैं एक बार फिर आप सभी का स्वागत करता हूं और एक अच्छी बातचीत की उम्मीद करता हूं।



ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## पीएम मोदी की अपील पर बोले सीएम सुक्खू- मैं छोटी इलेक्ट्रिक कार में करता हूं सफर

मंडी,(आरएनएस)। ईंधन संरक्षण को लेकर पीएम मोदी की देशवासियों से की गई अपील का असर भी देखने को मिला है। भाजपा शासित राज्यों में सीएम से लेकर उनके मंत्रियों ने काफिले को आधा कर दिया है। दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि वे छोटी इलेक्ट्रिक कार से सफर करते हैं। मंडी में मीडिया से बातचीत के दौरान हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मैंने पहले ही अपने काफिले को कम कर दिया है। यह अच्छी बात है कि राज्यपाल ने भी अपने काफिले को कम कर दिया है। हमने मंत्रियों के वेतन में 30 फीसदी और विधायकों के वेतन में 20 फीसदी की कटौती की है। हमने वित्तीय रूप से कटौती की है। मैंने अपने काफिले का आकार भी कम करने के निर्देश दिए हैं। मेरे काफिले में छोटी इलेक्ट्रिक गाड़ियां हैं। हम तो तीन साल से ही खर्चा कम कर रहे हैं। प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। हमने तो बहुत पहले



से ही काफिला कम कर दिया है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की पूर्व सरकार में फिजूलखर्ची हुई है। करोड़ों रुपये बिल्डिंग बनाने में फूंके गए। प्रदेश की संपदा को भाजपा ने लूटा है। वे जैसे तैसे प्रदेश की सत्ता में आना चाहते हैं। जनता की सेवा के पैसे रोकोगे तो कैसे हिमाचल की सत्ता में आओगे।

## आईईडी में सिम कार्ड लगाकर बीएसएफ कैंप के बाहर किया था ब्लास्ट, जालंधर धमाके का आरोपी गिरफ्तार; पाकिस्तान में बैठा है आका

जालंधर ,(आरएनएस)। जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के सामने 5 मई को हुए IED ब्लास्ट केस में पुलिस ने मुख्यारोपी को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक पकड़ा गया मुख्य आरोपी पंजाब का ही रहने वाला है। इस मामले में अभी तक 17 के करीब आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।



इस ब्लास्ट मामले में एक हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने IED में अपना सिम कार्ड लगाया हुआ था। आरोपी ने उसी नंबर पर कॉल किया जिस से IED ब्लास्ट हुआ था। सूत्रों के मुताबिक IED में इस्तेमाल विस्फोटक आरोपी ने बॉर्डर एरिया में मौजूद किसी शख्स से लिया था।

बताया जा रहा है कि ब्लास्ट के पीछे पाकिस्तान डॉन शहजाद भट्टी का हाथ है। इस मामले के तार ISI से जुड़े हैं। खुद डीजीपी पंजाब गौरव यादव भी पाकिस्तान का हाथ बता चुके हैं। सूत्रों के अनुसार आईएसआई के इशारे पर आतंकी साजिश का प्लान था।

वहीं ब्लास्ट मामले में पंजाब में बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बुधवार देर रात तक जालंधर पुलिस की कई टीमों ने नकोदर, कपूरथला, नवांशहर, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर एरिया में सर्च ऑपरेशन चलाए। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ भी की है। हिरासत में लिए गए ज्यादातर युवक पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी से सोशल मीडिया के जरिए टच में थे। ब्लास्ट से लिंक को लेकर जालंधर पुलिस बीते दिनों नवांशहर से भी 3 युवकों को उठा चुकी है।

# राजस्थान के सीएम ने की पानसेरी गांव में सुबह की सैर, कलेक्टर को दिए ग्रामीणों के मुद्दों पर कार्रवाई के निर्देश

जालोर (आरएनएस)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जालोर जिले के पानसेरी गांव में गुरुवार सुबह की सैर की। इस दौरान उन्होंने गांव वालों, स्कूली बच्चों, किसानों और पशुपालकों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों का अभिवादन किया और उनका हालचाल पूछा। उन्होंने स्कूल जा रहे बच्चों से भी बातचीत की, उन्हें चॉकलेट और टॉफियां बांटीं और उन्हें पढ़ाई पर ध्यान देने तथा बेहतर भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। सुबह की सैर के बाद सीएम शर्मा ने गांव के चौहटा (पारंपरिक केंद्रीय मिलन स्थल) पर गांव वालों के साथ चर्चा की, जहां लोगों ने स्थानीय विकास से जुड़ी कई मांगें रखीं। मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर को गांव वालों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरे के दौरान सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके बिश्नोई, स्थानीय जन प्रतिनिधि, और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। इससे पहले बुधवार को मुख्यमंत्री ने पानसेरी गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने किसानों और पशुपालकों से बातचीत की।

गांव वालों को संबोधित करते हुए सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान के विकास के



लिए एक रोडमैप तैयार किया है, जिसका लक्ष्य राज्य को एक आदर्श राज्य में बदलना है। उन्होंने कहा कि सरकार हर पंचायत में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विकसित गांव-वार्ड अभियान चला रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिजली और पानी के बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है और रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, गंग नहर सुदृढ़ीकरण कार्य, तथा माही और देवास परियोजनाओं सहित प्रमुख सिंचाई और जल परियोजनाओं पर काम तेज कर दिया है।

उन्होंने कहा कि सोम-कमला-अंबा परियोजना से जवाई बांध में पानी पहुंचाने में मदद मिलेगी, जिससे जालोर, पाली और सिरोही जिलों में पानी की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

सीएम शर्मा ने यह भी बताया कि 24 जिलों के किसानों को अभी दिन के समय बिजली मिल रही है और 2027 तक इस सुविधा का विस्तार पूरे राज्य में कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने किसानों से ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों को अपनाने, जैविक खेती को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं को भी कृषि को आजीविका के एक टिकाऊ विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

पशुपालकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सीएम ने कहा कि गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना और मंगला पशुधन बीमा योजना जैसी योजनाएं पूरे राज्य के किसानों को लाभ पहुंचा रही हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दूध संग्रह केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है और 5 रुपए प्रति लीटर की दर से सब्सिडी भी दी जा रही है।

# ससुर ने दी मुखाग्नि, भावुक दिखे अखिलेश-शिवपाल, प्रतीक का हुआ अंतिम संस्कार

लखनऊ ,(आरएनएस)। शमशान घाट पर माहौल तब और भी गमगीन हो गया जब ससुर अरविंद बिष्ट ने प्रतीक यादव को मुखाग्नि दी। अपने पति को अंतिम विदाई देते समय अपर्णा फूट-फूटकर रोने लगी। घाट पर मौजूद यादव परिवार के सभी सदस्यों और समर्थकों ने भारी मन से प्रतीक यादव को विदा किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। उनके ससुर अरविंद बिष्ट जर्नलिस्ट रह चुके हैं। साथ ही सपा सरकार में राज्य सूचना आयुक्त भी थे।

प्रतीक यादव की अंतिम यात्रा जब घर से निकली तो सबकी आंखें नम थीं। उनकी पत्नी अपर्णा यादव अपनी दोनों छोटी बेटियों के साथ शमशान घाट पहुंची। अपर्णा यादव अपनी बेटियों को लेकर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज की कार में सवार होकर घाट तक पहुंची। पिता को खोने का गम बेटियों के चेहरों पर साफ झलक रहा था, जिसे देख वहां मौजूद हर शख्स की आंखें भर आई।

प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार लखनऊ के बैकुंठधाम शमशान घाट में किया गया है। उन्हें अंतिम



विदाई देने के लिए परिवार और राजनीति से जुड़ी बड़ी हस्तियां वहां पहुंची हैं। अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, धर्मेंद्र यादव और अवधेश प्रसाद के साथ-साथ यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी दुख की इस घड़ी में परिवार को सांत्वना देने वहां पहुंचे हैं।

उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष और भाजपा नेता अपर्णा यादव पति के निधन से पूरी तरह टूट चुकी हैं। बेहद भावुक नजर आ रही अपर्णा ने अपने करीबियों, दोस्तों और शुभचिंतकों से अपील की है कि वे प्रतीक यादव की अंतिम विदाई में शामिल होकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दें। इस मुश्किल समय में भाजपा और समाजवादी पार्टी, दोनों ही दलों के बड़े नेताओं ने अपर्णा से मिलकर उन्हें सांत्वना दीसमाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव अपने छोटे भाई प्रतीक के निधन के बाद से ही लगातार परिवार के साथ खड़े हुए हैं। भाई के जाने की खबर मिलते ही अखिलेश तुरंत अस्पताल पहुंचे और तब से लेकर पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार की हर जिम्मेदारी खुद संभाल रहे हैं। अखिलेश यादव ने भरे मन से याद किया कि प्रतीक हमेशा जीवन में कुछ बड़ा करना चाहते थे और अपनी मेहनत से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने की कोशिश में जुटे रहते थे।

## फरार पूर्व डीसीपी शांतनु बिस्वास गिरफ्तार, हफ्ते भर पहले लुक आउट नोटिस जारी किया गया था

नई दिल्ली (आरएनएस)। चर्चित 'सोना पप्पू' जमीन कब्जा और रंगदारी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब कोलकाता के पूर्व DCP शांतनु सिन्हा बिस्वास के खिलाफ घेराबंदी तेज कर गिरफ्तार कर लिया गया है. उनके नाम पर एक 'लुक आउट' नोटिस जारी किया गया था. इसके बाद उनकी गिरफ्तारी की गई है. आरोप है कि उन्होंने एक अधिकारी के बजाय पार्टी कार्यकर्ता की तरह काम किया और उन पर कई घोटालों से जुड़े आरोप हैं. करीब एक हफ्ते पहले शांतनु के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया था. लगातार समन जारी होने के बावजूद जांच में शामिल न होने पर ईडी ने सुरक्षा निदेशालय को पत्र लिखकर शांतनु की वर्तमान स्थिति और ड्यूटी का ब्योरा मांगा था. कोलकाता के पूर्व DCP शांतनु सिन्हा बिस्वास को गिरफ्तार कर लिया गया है. 'लुक आउट' नोटिस के बाद उनकी गिरफ्तारी की गई है।

## शिवरीनारायण में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या, गांव में फैली दहशत

जांजगीर-चांपा,(आरएनएस)। जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंवतरा में एक ही परिवार के चार सदस्यों की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात बदमाशों ने देर रात घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर वारदात को अंजाम दिया। घटना में चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान मेदनी प्रसाद कश्यप (70 वर्ष), उनकी पत्नी कांति बाई (65 वर्ष), नातिन मोगरा (25 वर्ष) तथा नाती पीतांबर (17 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि परिवार नए मकान के निर्माण कार्य में लगा हुआ था।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह निर्माण कार्य के लिए पहुंचे मिस्त्री ने घर के भीतर चारों को खाट पर खून से लथपथ और बेसुध हालत में देखा। इसके बाद घटना की सूचना ग्रामीणों को दी गई। देखते ही देखते गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने सरपंच के माध्यम से पुलिस को मामले की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही शिवरीनारायण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक आशंका है कि हमलावरों ने टांगी जैसे धारदार हथियार का इस्तेमाल किया है। पुलिस हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।ग्रामीणों के अनुसार मृतक परिवार पहले भी एक बड़ी घटना का सामना कर चुका है।

# कान 2026 में छाईं आलिया भट्ट, पहले डिज्नी प्रिंसेस बन छाईं

आलिया भट्ट अब कान फिल्म फेस्टिवल में रंग जमाने पहुंच चुकी हैं। अभिनेत्री ने ओपनिंग सेरेमनी में लॉरियल पेरिस की एंबेसडर के रूप में रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। पहले तो उन्होंने अपने बार्बी लुक से फैंस को घायल किया और अब अपने दूसरे लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं, जिसमें वह पीच कलर का बॉडी-हगिंग गाउन पहने नजर आ रही हैं और यह लुक उन पर बेहद जंच रहा था।



रिया कपूर द्वारा स्टाइल किए गए तमारा राल्फ के कस्टम मेड गाउन में आलिया बेहद स्टाइलिश और फैशनेबल लग रही थीं। कान्स में पहले लुक से डिज्नी प्रिंसेस जैसी वाइब बिखेरने के बाद, आलिया ने अपने दूसरे लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जिस पर रिएक्ट करते हुए कई सोशल मीडिया यूजर एक्ट्रेस की तारीफ करते भी दिखे।

इस साल रेड कार्पेट पर आलिया ने पीच कलर का बॉडी-हगिंग गाउन पहना था, जिसमें सेंटर में डीप इल्यूजन डिटेल के साथ स्वीटहार्ट नेकलाइन था। गाउन का सिल्हूट स्लीक, स्ट्रक्चर्ड और एलिगेंट था, जो आलिया के पूरे लुक में चार चांद लगा रहा था।


ड्रेस में लटकते शिफॉन के ड्रेप्स ने इस ड्रेस को और भी खूबसूरत बना दिया, जो आलिया के लुक में ग्रेस को एड कर रहा था। पीच के पेस्टल शेड ने पूरे लुक को फ्रेश और सोफिस्टिकेटेड बनाए रखा। यह एक ऐसी ड्रेस थी जिसमें जिसे परफेक्ट कट्स और ड्रेपिंग टेक्निक्स के साथ तैयार किया गया था।

ज्वेलरी की बात करें तो आलिया भट्ट ने अपने दूसरे कान 2026 के रेड कार्पेट लुक को एक खूबसूरत स्टेटमेंट नेकलेस के साथ पूरा किया, जिसमें चमकीले हीरों के साथ पीच कलर के रत्न जड़े हुए थे। ये नेकलेस आलिया के तमारा राल्फ कॉउचर गाउन के साथ मैच कर रहा था, जिससे पूरे लुक में विंटेज ग्लैमर जुड़ गया।

वहीं मेकअप की बात करें तो ड्रेस को ध्यान में रखते हुए उन्होंने खूबसूरत न्यूड पिंक लिपस्टिक के साथ ग्लोइंग मेकअप किया था साथ ही आंखों को हल्के से डिफाइन किया और पिंक ब्लश का इस्तेमाल किया। वहीं आलिया ने अपने बालों को ब्लो-ड्राई करके बीच से मांग निकालकर भरपूर वॉल्यूम दिया, जो काफी खूबसूरत लग रहा था।

# भूत बंगला ने 26वें दिन की धमाकेदार कमाई, 161 करोड़ पहुंचा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

अक्षय कुमार की भूत बंगला बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म ने 160 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. फिल्म को पहले दिन से ही शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. आइए जानते हैं फिल्म ने 26वें दिन कितनी कमाई की है.



सैकनिल्क के मुताबिक, भूत बंगला ने चौथे मंगलवार को 1.60 करोड़ कमाए हैं. फिल्म को 4 हजार शोज मिले हैं. वहीं फिल्म को 16 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म का टोटल कलेक्शन 161.70 करोड़ कमा लिए हैं.

फिल्म ने पेड प्रिव्यू में 3.75 करोड़ कमाए. फिल्म ने पहले दिन 12.25 करोड़ कमाए. दूसरे दिन 19 करोड़, तीसरे दिन 23 करोड़, चौथे दिन 6.75 करोड़, पांचवें दिन 8 करोड़, छठे दिन 6.15 करोड़, सातवें दिन 5.50 करोड़ कमाए.

फिल्म ने पहले हफ्ते में 84.40 करोड़ का बिजनेस किया.

वहीं फिल्म ने आठवें दिन 5.75 करोड़, नौवें दिन 10.75 करोड़, दसवें दिन 12.50 करोड़, 11वें दिन 3.5 करोड़, 12वें दिन 4.3 करोड़, 13वें दिन 3.4 करोड़ और 14वें दिन 3.5 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने दूसरे हफ्ते में 43.75 करोड़ कमाए. तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 21.85 करोड़ का कलेक्शन किया.

फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं. वहीं प्रियदर्शन ने फिल्म को डायरेक्ट किया है. अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी फैंस को खूब एंटरटेन करती है. उन्होंने साथ में हेरा फेरी, गरम मसाला, भागम भाग जैसी फिल्में की हैं. सभी फिल्मों को बहुत प्यार मिला.

वहीं भूत बंगला की बात करें तो इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा परेश रावल और राजपाल यादव जैसे स्टार्स नजर आए हैं. वहीं फिल्म में तबु, वामिका गब्बी और मिथिला पालकर भी अहम रोल में हैं. फिल्म में वामिका गब्बी अक्षय कुमार के अपोजिट रोल में हैं. वहीं मिथिला पालकर उनकी बहन के रोल में नजर आई थीं.

# शोर से दूर रहकर ही कलाकार बेहतर काम कर सकते हैं, सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर रकुल प्रीत सिंह का बयान



आज के समय में सोशल मीडिया कलाकारों के लिए यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां लोकप्रियता भी मिलती है और आलोचना भी। एक तरफ जहां फैंस अपने पसंदीदा सितारों से जुड़ पाते हैं, वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन ट्रोलिंग भी तेजी से बढ़ रही हैं। इसी मुद्दे पर अब अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपनी बेबाक राय रखी। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव और उससे दूरी बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। रकुल प्रीत सिंह ने कहा, एक कलाकार के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह सोशल मीडिया पर चल रहे शोर और लगातार आने वाली प्रतिक्रियाओं से खुद को अलग रखना सीखे। अगर कोई कलाकार इंटरनेट पर लिखी हर बात को दिल से लगाने लगे, तो उसका असर उसके काम और मानसिक स्थिति दोनों पर पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि उनको अपनी ऊर्जा अपने काम पर लगानी चाहिए। रकुल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, जब मैंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब सोशल मीडिया इतना व्यापक नहीं था। उस समय कलाकारों को आज की तरह तुरंत प्रतिक्रिया नहीं मिलती थी, जिससे मानसिक दबाव भी कम रहता था। उस दौर में आलोचना और चर्चा का तरीका अलग था, जबकि आज के समय में हर व्यक्ति अपनी राय तुरंत और मुखर होकर सोशल मीडिया पर व्यक्त करता है।

उन्होंने आगे कहा, कोरोना महामारी के बाद सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। पिछले कुछ सालों में लोगों के पास ज्यादा समय था। इसका असर यह हुआ कि अब हर विषय पर लोगों की राय बहुत तेजी से सामने आती है और कलाकारों को लगातार आलोचना और टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है।

रकुल प्रीत सिंह ने कहा, एक अभिनेता को इस शोर से खुद को दूर रखना चाहिए। कलाकार का काम अभिनय करना और अपने किरदार को बेहतर तरीके से निभाना है, न कि हर ऑनलाइन ट्रोलिंग का जवाब देना। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया की हर बात को गंभीरता से लेने लगेगा, तो उसका ध्यान भटक जाएगा और उसका काम भी प्रभावित हो सकता है। उन्होंने आगे कहा, मानसिक रूप से मजबूत रहना आज के समय में कलाकारों के लिए बहुत जरूरी है। मुझे लगता है कि हर अभिनेता को अपने चारों ओर एक दीवार बनानी चाहिए, ताकि बाहरी नकारात्मकता सीधे उनके काम पर असर न डाल सके। कभी-कभी सोशल मीडिया से दूरी बनाना और ब्लाइंडर्स लगाकर सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना ही सही तरीका होता है।

# राजा शिवाजी की दूसरे मंगलवार बढ़ी कमाई, 2 करोड़ कमाते ही पूरी लागत वसूल कर लेगी फिल्म




ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी ने सिनेमाघरों में शानदार शुरुआत की और खूब सुर्खियां बटोरी है. इस फिल्म में रितेश देशमुख ने लीड रोल निभाने के साथ-साथ इसका निर्देशन भी किया है. फिल्म को दर्शकों से खूब प्यार मिल रहा है और इसी के साथ ये दूसरे हफ्ते में भी अच्छा परफॉर्म कर रही है. चलिए यहां जानते हैं राजा शिवाजी ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?

राजा शिवाजी फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की जिंदगी पर बेस्ड है. फिल्म में रितेश के अलावा संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, जेनेलिया डिसूजा, सचिन खेड़कर, फरदीन खान और बोमन ईरानी जैसे कई दमदार कलाकारों ने अभिनय किया है. वहीं सलमान खान ने भी राजा शिवाजी में कैमियो किया है. इस फिल्म का रिलीज से पहले ही काफी बज क्रिएट हो गया था और सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया जिसके चलते इसने शानदार शुरुआत की और फिर इसने रिलीज के दूसरे वीकेंड तक धुआंधार नोट छापे. अब दूसरे हफ्ते के वीकडेज में इसके कलेक्शन में मंदी जरूर देखी जा रही है फिर भी ये करोड़ों में कमाई कर रही है और अपना बजट वसूलने से भी ये इंचभर दूर है.


फिल्म की कमाई की बात करें तो पहले हफ्ते में 52.65 करोड़ कमाने के बाद 8वें दिन इसने 3.20 करोड़ कमाए.वहीं 9वें दिन इसका कलेक्शन 5.60 करोड़, 10वें दिन 6.80 करोड़ और 11वें दिन 2.40 करोड़ रुपये रहा.अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक राजा शिवाजी ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 2.50 करोड़ कमाए हैं.इसी के साथ राजा शिवाजी की 12 दिनों की कुल कमाई अब 73.15 करोड़ रुपये हो गई है.

राजा शिवाजी को 75 करोड़ के बजट में बनाया गया है. इस फिल्म ने रिलीज के 12 दिनों में भारत में 73.15 करोड़ की कमाई कर ली है. ऐसे में ये फिल्म अपनी लागत वसूलने से महज 2 करोड़ रुपये दूर है. उम्मीद है कि राजा शिवाजी दूसरे बुधवार को ये आंकड़ा पार कर लेगी और अपनी लागत वूसल बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस भी हासिल कर लेगी. इसके बाद ये फिल्म मुनाफा कमाना शुरू करेगी.

जेनेलिया और ज्योति देशपांडे द्वारा प्रोड्यूस, मुंबई फिल्म कंपनी और जियो स्टूडियोज के बैनर तले बनी राजा शिवाजी का म्यूजिक अजय-अतुल ने तैयार किया है. फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संतोष सिवान ने की है. बता दें कि राजा शिवाजी की शूटिंग सतारा, पुणे, नासिक, महाबलेश्वर और मुंबई में हुई है.

# वेलकम टू द जंगल से सामने आया अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक, फैंस को पसंद आया अभिनेता का अंदाज

अक्षय कुमार फिर से अपने मजेदार अंदाज में वापस आ गए हैं। फिल्म वेलकम टू द जंगल का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर छा गया है। इसमें अक्षय कुमार बहुत स्टाइलिश और दमदार दिख रहे हैं। जानें फैंस को कैसा लगा अक्षय कुमार का नया कॉमिक लुक?




निर्माताओं के अलावा अक्षय कुमार ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वेलकम टू द जंगल का पहला पोस्टर शेयर किया है। वेलकम टू द जंगल के नए पोस्टर में अक्षय अपने स्टाइलिश कॉमिक लुक में जंगल के बीच में रेड कार्पेट पर चलते हुए पोज देते नजर आ रहे हैं। इस खास पोस्टर के साथ अक्षय ने कैप्शन में लिखा, अगली फिल्म वेलकम टू द जंगल।

फिल्म वेलकम टू द जंगल एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में 30 से अधिक अभिनेताओं की एक बड़ी स्टारकास्ट है। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म को अहमद खान ने निर्देशित किया है।

फिल्म में बहुत बड़े कलाकारों की टोली है। इसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में हैं। अक्षय के अलावा फिल्म में सुनील शेट्टी, परेश रावल, अरशद वारसी, रवीना टंडन, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, राजपाल यादव, जॉनी लीवर और भी कई मशहूर कलाकार नजर आएंगे।

वेलकम टू द जंगल एक कॉमेडी फिल्म है, जिसकी रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म से अक्षय के पहले लुक को देखकर फैंस लगातार अपनी राय पेश कर रहे हैं।

# वर्क फ्रॉम होम से बदल रही है जीवनशैली, जानिए कैसे



कोरोना महामारी के बाद घर से काम करने का चलन बढ़ गया है। यह न केवल काम करने का तरीका बदल रहा है, बल्कि हमारी जीवनशैली पर भी गहरा असर डाल रहा है। इस लेख में हम जानेंगे कि घर से काम करने से हमारी दिनचर्या, स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर क्या-क्या प्रभाव पड़ रहा है। इसके साथ ही यह भी समझेंगे कि कैसे हम इस नए माहौल में संतुलित रह सकते हैं और जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

## घर और ऑफिस का अंतर मिट रहा है

घर से काम करने के कारण घर और ऑफिस का अंतर धीरे-धीरे मिटता जा रहा है। इससे काम का तनाव भी घर तक पहुंच रहा है। इसके चलते लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए नियमित ब्रेक लेना, काम के घंटे तय करना और काम के समय और निजी समय के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। इसके अलावा काम के दौरान कुछ मिनट योग या ध्यान करना लाभदायक हो सकता है।

## समय प्रबंधन हो रहा है अहम

घर से काम करने में समय का सही प्रबंधन बहुत जरूरी हो गया है। बिना सही प्रबंधन के काम और निजी जीवन में असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। इसके लिए एक दिनचर्या बनाना और उसे पालन करना जरूरी है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक का एक शेड्यूल बनाएं और उसे फॉलो करें। इसके अलावा काम के बीच में छोटे-छोटे ब्रेक लें ताकि आपका मन ताजा बना रहे और आप ज्यादा उत्पादक रह सकें।

## शारीरिक गतिविधियों की कमी

घर पर काम करते समय शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं, जिससे वजन बढ़ने, पीठ दर्द और अन्य शारीरिक समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। इससे बचने के लिए रोजाना कुछ मिनट व्यायाम करना जरूरी है। आप योग, स्ट्रेचिंग या हल्की-फुल्की कसरत कर सकते हैं। इसके अलावा दिन में कम से कम 10-15 मिनट टहलना भी फायदेमंद हो सकता है। इससे आपका शरीर सक्रिय रहेगा और आप तंदुरुस्त महसूस करेंगे।

## सामाजिक संपर्क घट रहा है

घर से काम करने के कारण सामाजिक संपर्क भी कम हो रहा है। ऑफिस में मिलने वाले सहकर्मियों से अब सिर्फ ऑनलाइन मीटिंग्स ही हो पा रही हैं। इससे अकेलापन महसूस हो सकता है। इससे बचने के लिए ऑनलाइन मीटिंग्स के अलावा फोन या वीडियो कॉल्स का सहारा लें। इसके अलावा सप्ताह में एक बार दोस्तों या परिवार वालों के साथ बाहर जाने की योजना बनाएं ताकि आप सामाजिक रूप से जुड़े रहें और अकेलापन महसूस न हो।

## मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर

घर से काम करने का कई लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। लगातार काम करने की वजह से तनाव, चिंता जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इससे निपटने के लिए नियमित रूप से ध्यान करें और सकारात्मक सोच रखें। इसके अलावा अपने शौक पूरे करें जैसे किताबें पढ़ना, संगीत सुनना या पेंटिंग करना। इन तरीकों से आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहेगा और आप तनावमुक्त रहेंगे।

# घर पर पेडिक्योर करते समय न करें ये गलतियां, हो सकता है नुकसान

पेडिक्योर एक आरामदायक और ताजगी भरा अनुभव है, जो पैरों की देखभाल करने में मदद करता है। हालांकि, घर पर पेडिक्योर करते समय अक्सर कुछ गलतियां हो जाती हैं, जो त्वचा और नाखूनों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताएंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आपका पेडिक्योर अनुभव बेहतर हो और आपके पैर स्वस्थ रहें।



## बहुत गर्म पानी का उपयोग न करें

पेडिक्योर करते समय गर्म पानी का इस्तेमाल करना आम बात है क्योंकि इससे त्वचा मुलायम हो जाती है। हालांकि, बहुत ज्यादा गर्म पानी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। यह त्वचा की नमी छीन लेता है और उसे सूखा बना सकता है। इसके अलावा गर्म पानी से पैरों में खून का बहाव बढ़ता है, जिससे सूजन और दर्द हो सकता है। इसलिए हमेशा हल्के गर्म पानी का ही इस्तेमाल करें।

## नाखून के पास की त्वचा को न काटें

नाखून के पास की पतली परत को काटना गलत है क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है और नाखून कमजोर हो सकते हैं। इसे काटने की बजाय नरम करने के लिए हल्के गर्म पानी में थोड़ा सा तेल मिलाकर उसमें पैर डालें। इससे यह परत आसानी से पीछे हट जाएगी और नाखून सुरक्षित रहेंगे। इस तरीके से आप बिना किसी खतरे के अपने नाखूनों की देखभाल कर सकते हैं।

## त्वचा की स्क्रबिंग समय सावधानी बरतें

त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने का एक अच्छा तरीका है, लेकिन इसे अधिक करने से त्वचा में जलन हो सकती है, खासकर अगर आप कठोर स्क्रब्स का उपयोग करते हैं तो इससे त्वचा में खुजली और लालिमा हो सकती है। बेहतर होगा कि आप मुलायम स्क्रब्स का उपयोग करें और हल्के हाथों से रगड़ें ताकि त्वचा को कोई नुकसान न पहुंचे। इससे आपकी त्वचा ताजगी भरी रहेगी और स्वस्थ भी बनी रहेगी।

## नेल पॉलिश लगाने से पहले बेस कोट लगाएं

जब आप अपने पैरों पर नेल पॉलिश लगाते हैं तो भूल से भी बेस कोट न लगाएं। बेस कोट लगाने से पहले अगर आप सीधे नेल पॉलिश लगाते हैं तो वह जल्दी खराब हो जाती है और आपके नाखून भी खराब दिखते हैं। बेस कोट लगाने से नाखून मजबूत रहते हैं और पॉलिश लंबे समय तक बनी रहती है। इससे आपके पैरों की सुंदरता बढ़ती है और आपको एक बेहतरीन लुक मिलता है।

## सही पैर की मालिश तकनीक अपनाएं

पैर की मालिश करते समय अक्सर लोग गलत जगह दबाव डाल देते हैं जिससे दर्द हो सकता है या चोट लग सकती है। सही जगह दबाव डालना जरूरी होता है जैसे तलवे के बीच वाले हिस्से पर हल्का दबाव डालें और एड़ी पर भी ध्यान दें। इसके अलावा अंगूठों की जड़ पर हल्का दबाव डालें ताकि खून का बहाव बेहतर हो सके। इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखते हुए आप अपने पैरों की देखभाल बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात; अमेरिकी राष्ट्रपति बोले-हमारा भविष्य एक साथ शानदार होगा

बीजिंग, (आरएनएस)। चीन के 2 दिवसीय दौरे पर पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने समकक्ष शी जिनपिंग से बीजिंग में मुलाकात की। यहां द्विपक्षीय बातचीत शुरू होने से पहले दोनों ने अपने प्रारंभिक भाषण दिए। ट्रंप ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति से मिलना और उनको मित्र कहना सम्मान की बात है, अमेरिका-चीन का भविष्य एक साथ शानदार होगा। भाषण से पहले ट्रंप का शी ने पीपुल्स ग्रेट हॉल के प्रवेश द्वार पर स्वागत किया, जहां सैन्य परेड हुई।

अपने भाषण में ट्रंप ने कहा, हमारा तालमेल अच्छा रहा है, जब भी कोई कठिनाई आई, हमने उसका समाधान निकाला। मैं आपको फोन करता था और आप मुझे। लोगों को पता नहीं, जब भी हमें कोई समस्या हुई, हमने उसका समाधान जल्दी निकाल लिया। ट्रंप ने आगे कहा, आप एक महान नेता हैं, कभी-कभी लोगों को मेरा यह कहना पसंद नहीं आता, लेकिन यह सच है...आपके साथ होना और आपको मित्र कहना सम्मान की बात है...हमारा भविष्य एक-साथ शानदार होगा।



शी ने भाषण में कहा, पूरी दुनिया हमारी बैठक को देख रही है। वर्तमान में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्थिति अस्थिर है। उन्होंने कहा, क्या चीन-अमेरिका थ्यूसीडाइड्स के जाल से बाहर निकलकर संबंधों का नया प्रतिमान बना सकते हैं? क्या हम वैश्विक चुनौतियों का सामना, दुनिया को अधिक स्थिरता और मानवता के भविष्य के हित में अपने द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक उज्जवल भविष्य बना सकते हैं? ये सवाल बेहद महत्वपूर्ण हैं, जिनका जवाब हमें-आपको देना होगा।शी ने कहा कि उनका हमेशा से मानना है कि चीन-अमेरिका के बीच मतभेद से ज्यादा साझा हित हैं। उन्होंने कहा कि एक क्षेत्र में सफलता दूसरे के लिए अवसर और एक स्थिर द्विपक्षीय संबंध दुनिया के लिए अच्छा है। चीन-अमेरिका दोनों को सहयोग से लाभ और टकराव से हानि होगी। शी ने कहा, हमें प्रतिद्वंद्वी नहीं साझेदार होना चाहिए, हमें सफलता-समृद्धि में मदद करनी चाहिए और नए युग में प्रमुख देशों से मिलकर रहने का सही रास्ता खोजना चाहिए।ट्रंप और शी दोनों गुरुवार को द्विपक्षीय बातचीत में टैरिफ, ईरान युद्ध, ताइवान और तकनीक समेत कई मुद्दों पर बात करने वाले हैं। उससे पहले दोनों के सौहार्दपूर्ण शब्दों ने इसमें कुछ प्रगति की संभावना जताई है। ट्रंप अमेरिकी कृषि उत्पादों, विमानों और अन्य सामानों की खरीद के लिए चीन से समझौता चाहते हैं, लेकिन उनके टैरिफ का मुद्दा बीच में आएगा। ट्रंप बीजिंग पर ईरान युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव डालना चाहेंगे।

### जिनपिंग की ट्रंप को चेतावनी- ताइवान मुद्दे को ठीक से न संभाला गया तो होगा टकराव

बीजिंग,(आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के दौरे पर हैं। आज उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान जिनपिंग ने ताइवान को लेकर ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस मुद्दे को ठीक से नहीं संभाला गया तो दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। चीन की सरकारी मीडिया ने ये जानकारी दी है। जिनपिंग ने ताइवान को चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे अहम मुद्दा बताया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जिनपिंग ने ताइवान मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर इसे ठीक से नहीं संभाला गया तो यह अमेरिका-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बहुत खतरनाक स्थिति में धकेल सकता है। जिनपिंग ने कहा, अगर इसे ठीक से संभाला जाए, तो द्विपक्षीय संबंध स्थिरता बनाए रख सकते हैं।

## रूस ने कीव पर दागे ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल, एक की मौत

कीव, (आरएनएस)। रूस और यूक्रेन का एक-दूसरे पर हमला जारी है। रूस ने गुरुवार तड़के राजधानी कीव पर एक साथ कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए हैं। घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि 31 से अधिक लोग घायल हैं। यूक्रेन की प्रधानमंत्री यूलिया स्विरिडेन्को ने कहा कि रूस ने हमले में कई शहरों में नागरिक बुनियादी ढांचे और आवासीय इमारतों को निशाना बनाया है, जिससे कीव को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।कीव के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि रूस बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के उपयोग से शहरों पर हमला कर रहा है, जिसमें यूक्रेन के 6 जिलों में नुकसान दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि हमले में क्रेमेंचुक, बिला त्सेरक्वा, खार्किव, सूमी और ओडेसा शहरों में आवासीय अपार्टमेंट धवस्त हुए और पानी आपूर्ति बाधित हो गई। डार्नित्सिया जिले में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत आंशिक रूप से ढह गई, जिससे 27 लोग मलबे के नीचे दब गए।

इससे पहले, बुधवार को रूस ने कीव, पोलिश सीमा के पास स्थित पश्चिमी शहर लविव और काला सागर बंदरगाह ओडेसा सहित अन्य क्षेत्रों पर हमला किया था, जिसमें 6 लोग मारे गए थे। यह हमला ऐसे समय पर हो रहा है, जब अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को मॉस्को-कीव के बीच जल्द लड़ाई खत्म करने के लिए एक समझौते पहुंचने की बात कही थी। व्लादिमीर पुतिन ने भी पिछले हफ्ते यूक्रेन पर हमला समाप्त करने की संभावना जताई थी।

## डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग ने ईरान के पास परमाणु हथियार का विरोध किया

बीजिंग, (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के 2 दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई उनकी द्विपक्षीय बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकता है। ट्रंप और शी ने ऊर्जा के मुक्त प्रसार के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का समर्थन किया है।

बयान में कहा गया, ट्रंप की शी के साथ अच्छी बैठक हुई। दोनों पक्षों ने आर्थिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें अमेरिकी व्यापार के लिए चीन में बाजार खोलने और हमारे यहां चीनी निवेश बढ़ाना शामिल था। ट्रंप ने अमेरिकी कृषि उत्पाद की चीनी खरीद को बढ़ाने पर जोर दिया है। बयान में कहा गया, शी ने भविष्य में होर्मुज पर चीन की निर्भरता कम करने के लिए और ज़्यादा अमेरिकी तेल खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है।

## दक्षिण कोरिया की मिसाइल ने बढ़ाई चीन, अमेरिका की टेंशन

सियोल,(ए)। प्रशांत महासागर के रणनीतिक जलक्षेत्र में अमेरिका और चीन के बीच जारी वर्चस्व की जंग अब आसमान के उस छोर पर पहुंच गई है, जहां जीत का फैसला मिसाइलों की रफ्तार और अचूक मारक क्षमता से होगा। इसी महाशक्ति संघर्ष के बीच दक्षिण कोरिया ने अपनी रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के माध्यम से एक ऐसा दांव चला है, जिसने वैश्विक रक्षा विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। दक्षिण कोरिया द्वारा विकसित की जा रही लॉन्ग रेंज एयर टू एयर मिसाइल केवल एक हथियार नहीं, बल्कि उस एशियाई चक्रव्यूह का जवाब है जिसने अब तक पश्चिमी तकनीक पर निर्भरता बनाए रखी थी।

## प्लेन क्रैश के बाद 5 घंटे तक समुद्र में जूझते रहे यात्री, फिर हुआ चमत्कार और बच गई 11 लोगों की जान

### समुद्र में विमान का कोई मलबा नहीं मिला

फ्लोरिडा,,(ए)। अमेरिका के फ्लोरिडा तट के पास समुद्र में हुए एक विमान हादसे में 11 लोगों की जान बाल-बाल बच गई। विमान के समुद्र में गिरने के बाद सभी लोग करीब 5 घंटे तक एक लाइफ राफ्ट पर फंसे रहे। उनके पास मदद के लिए किसी से संपर्क करने का कोई साधन नहीं था और उन्हें यह भी नहीं पता था कि कोई उन्हें बचाने आएगा भी या नहीं। इस दौरान तेज तूफान आने की आशंका के बीच सभी लोग एक तिरपाल के नीचे बैठकर खुद को बचाने की कोशिश करते रहे। बाद में अमेरिकी सेना और बचाव दल के हेलीकॉप्टर वहां पहुंचे और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।अधिकारियों के मुताबिक, हादसे का शिकार हुआ विमान बीचक्राफ्ट 300 किंग एयर टर्बोप्रॉप था। यह विमान बहामास के ग्रेट अबाको द्वीप स्थित मार्श हार्बर से फ्रीपोर्ट के ग्रैंड बहामा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जा रहा था। मंगलवार को उड़ान के दौरान विमान का इंजन खराब हो गया, जिसके बाद पायलट ने फ्लोरिडा के वेरो बीच से करीब 80 किलोमीटर दूर समुद्र में इमरजेंसी लैंडिंग यानी डिचिंग की। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान में मौजूद 10 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और सभी को पीले रंग की लाइफ राफ्ट पर पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे में 3 लोगों को सिर्फ मामूली चोटें आईं।

# पाकिस्तानी एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान आया नजर, अमेरिका चिंतित

### चीन की सेटेलाइट कंपनी ने जारी की तस्वीर, दावा- ईरान का हो सकता है यह विमान




इस्लामाबाद,(ए)। पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को लेकर बड़ा खुलासा अब सामने आया है, जिसने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। चीन की सेटेलाइट तस्वीर कंपनी ने एक ऐसी तस्वीर जारी की है, जिसमें एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान दिखाई दिया है। दावा किया जा रहा है कि यह विमान ईरान का हो सकता है। इस खबर के सामने आते ही अमेरिका समेत कई देशों में बहुत ज्यादा चिंता बढ़ गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये तस्वीरें अप्रैल 2026 की है। पाकिस्तान के बेहद अहम नूर खान एयरबेस पर खड़ा एक ऐसा विमान दिख रहा है जिसका रंग और डिज़ाइन पाकिस्तान एयरफोर्स के विमानों से बहुत अलग है। विमान पर रेगिस्तानी इलाके में इस्तेमाल होने वाला सैंड कैमोफ्लाज़ पेंट किया गया है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान आमतौर पर ग्रे रंग के सैन्य विमान इस्तेमाल करता है। जबकि यही खास पैटर्न ईरान की एयरफोर्स अपने सी130 विमानों में इस्तेमाल करती है।यही वजह है कि अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या पाकिस्तान अपने एयरबेस में ईरानी सैन्य विमानों को छिपा कर रख रहा है। कुछ अमेरिकी रिपोर्ट्स में पहले भी आशंका जताई गई थी कि पाकिस्तान गुप्त रूप से ईरान को मदद पहुंचा रहा है और इसके विमानों को सुरक्षित जगह दे रहा है। इस पूरे मामले में इसलिए भी ज्यादा तूल पकड़ लिया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन के दौरे पर हैं। ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग की मुलाकात से पहले इन तस्वीरों का सामने आना बेहद अहम माना जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक माना जा रहा है कि चीन ने जानबूझकर यह तस्वीरें जारी की है ताकि पाकिस्तान की भूमिका दुनिया के सामने लाई जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह साबित हो जाता है कि पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी तो अमेरिका नाराज हो सकता है। पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक और सैन्य मदद के लिए अमेरिका पर निर्भर रहा है। ऐसे में यह खुलासा उसके लिए बहुत बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकता है।

# खेल समाचार

## आईपीएल 2026: विराट कोहली ने आईपीएल करियर का 9वां शतक लगाया, बने प्लेयर ऑफ द मैच

रायपुर,(ए.) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 57वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के



खिलाफ बेहतरीन शतकीय पारी (105*) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का कुल 9वां शतक रहा। अपनी शतकीय पारी के दौरान उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे किए। उनकी बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की। कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

कोहली ने पारी का दूसरा ओवर करने आए वैभव अरोड़ा की जमकर खबर ली। इस दिग्गज बल्लेबाज ने अरोड़ा के ओवर में 4 चौके लगाए। पिछली 2 पारियों में शून्य पर आउट होने वाले कोहली आज बेहतर लय में नजर आए और उन्होंने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने पडिक्कल के साथ मिलकर 92 रन की साझेदारी की। उन्होंने अपनी पारी को शतक में तब्दील किया।

कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन बनाने वाले विश्व के सिर्फ छठे बल्लेबाज बने हैं। वह अब क्रिस गेल, जोस बटलर, एलेक्स हेल्स, डेविड वार्नर और कीरोन पोलार्ड ही ये आंकड़ा छूने में सफल हुए हैं। बता दें कि गेल ने 463 टी-20 मैचों में 14,562 रन, पोलार्ड ने 735 मैचों में 14,482 रन, हेल्स ने 528 मैचों में 14,449 रन, वार्नर ने 439 मैचों में 14,284 रन, और बटलर ने 14,200 रन बनाए हुए हैं।

कोहली ने आईपीएल 2026 के दौरान ही लीग में अपने 9,000 रन पूरे किए थे। उन्होंने अपने बेमिसाल करियर में लगभग 40 की औसत के साथ 9,100 से अधिक रन बनाए हैं। वह लीग में 9 शतक और 66 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 113 रन रहा है। आईपीएल के इतिहास में कोहली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 8,000 रन भी नहीं बना सका है।

आईपीएल में कोहली के बाद बटलर ने 7 शतक लगाए हुए हैं। इस सूची में केएल राहुल और गेल ने आईपीएल में 6-6 शतक लगाए हुए हैं। यह कोहली का टी-20 क्रिकेट में कुल 10वां शतक है। बता दें कि टी-20 प्रारूप में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ गेल (22), और बाबर आजम (13) ने लगाए हैं। उन्होंने टी-20 में शतकों के मामले में वार्नर (10) की बराबरी की है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम का ऐलान, जेम्स रियू और एमिलियो गे को मिला मौका

नईदिल्ली, (ए)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 4 जून से लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। जैक क्रॉली की जगह जेम्स रियू और एमिलियो गे को मौका मिला है। वहीं, ओली रॉबिन्सन की 2 साल से अधिक समय बाद वापसी हुई है। इंग्लैंड की यह टीम ऑस्ट्रेलिया में 4-1 से एशेज सीरीज हारने के बाद काफी बदली हुई नजर आ रही है। बेन स्टोक्स टीम के कप्तान होंगे।मार्क वुड चोटिल होने के कारण उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, ब्रायडन कार्स भी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भी ज्यादा मैच नहीं खेल सके। पहले टेस्ट के लिए ऐसी है इंग्लैंड की टीम: बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, सॉनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) और जोश टंग।

# श्रीलंका में गदर मचाने के लिए BCCI ने किया India A टीम का ऐलान, 15 साल के खिलाड़ी की सरप्राइज एंट्री; इसे मिली कप्तानी

नई दिल्ली (ए.) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने जून 2026 में श्रीलंका की धरती पर होने वाली रोमांचक ट्राई नेशन वनडे सीरीज के लिए 'इंडिया ए' (India A) टीम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। सेलेक्शन कमेटी ने इस अहम दौरे के लिए युवा और आक्रामक खिलाड़ियों से सजी 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। इस युवा ब्रिगेड की कमान होनहार बल्लेबाज तिलक वर्मा के हाथों में सौंपी गई है, जबकि शानदार फॉर्म में चल रहे रियान पराग को उपकप्तान की अहम जिम्मेदारी दी गई है। इस टीम चयन में चयनकर्ताओं ने साफ संदेश दिया है कि घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का पूरा मौका मिलेगा।

### 15 साल के 'वंडर बॉय' और IPL स्टार्स की चमकी किस्मत

इस टीम चयन में सबसे ज्यादा सुर्खियां महज 15 साल के युवा टैलेंट वैभव सूर्यवंशी ने बटोरी हैं, जिनकी टीम में सरप्राइज एंट्री हुई है। इतनी कम उम्र में इंडिया ए का टिकट कटवाकर वैभव ने हर किसी को हैरान कर दिया है और क्रिकेट जगत की नजरें अब इस युवा खिलाड़ी पर टिक गई हैं। इसके अलावा, पंजाब किंग्स के लिए बल्ले से जमकर तबाही मचाने वाले ताबड़तोड़ बल्लेबाज प्रियांश आर्य को भी उनके शानदार प्रदर्शन का



बड़ा इनाम मिला है। चयनकर्ताओं ने आयुष बडोनी, निशांत सिंधु और हर्ष दुबे जैसे प्रतिभाशाली युवाओं को भी मौका देकर टीम को एक नया और मजबूत रूप दिया है। विकेटकीपर के तौर पर प्रभसिमरन सिंह और कुमार कुशाग्र को स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

### दांबुला में होगी वनडे सीरीज की टक्कर, गेंदबाजी में दिखेगा दम

सीमित ओवरों की इस ट्राई सीरीज के सभी रोमांचक मुकाबले दांबुला के मैदान पर खेले जाएंगे, जिसमें इंडिया ए को श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए की टीमों से कड़ी चुनौती मिलेगी। तेज गेंदबाजी आक्रमण को धार देने के लिए यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज और अरशद खान को शामिल किया गया है, जबकि सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम जैसे खिलाड़ी स्पिन और ऑलराउंडर की भूमिका में टीम को बेहतरीन संतुलन प्रदान करेंगे। सीमित ओवरों की इस टक्कर के बाद इंडिया ए की टीम श्रीलंका ए के खिलाफ गॉल में दो मल्टी-डे (रेड बॉल) मुकाबले भी खेलेगी। हालांकि, क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उस रेड बॉल सीरीज के लिए एक अलग टीम का ऐलान बाद में किया जाएगा।

इंडयिा ए स्क्वॉड: तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उपकप्तान), आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।

## मेंस क्रिकेट टीम की कोच बनीं महिला क्रिकेटर

नईदिल्ली,(ए.)। क्रिकेट में एक नया अध्याय तब जुड़ गया जब एक महिला क्रिकेटर को सीनियर मेंस टीम का कोच बना दिया गया. ये खूबसूरत अध्याय इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने लिखा है. जब बोर्ड ने इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर- महिला बल्लेबाज सारा टेलर को इंग्लैंड की सीनियर पुरुष टीम का का फील्डिंग कोच नियुक्त किया. इसके साथ वो मेंस टीम के साथ काम करने वाली पहली महिला बन गई.

सारा टेलर न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से ही फील्डिंग कोच की भूमिका में नजर आएंगी. टेलर इस घरेलू सीरीज में ही फील्डिंग कोच के रूप में काम करेंगी, क्योंकि नियमित कोच कार्ल हॉपकिंसन आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ व्यस्त हैं.इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करते हुए टेलर की नियुक्ति की पुष्टि की और कहा, मुझे लगता है कि वह अपने काम में सर्वश्रेष्ठ हैं. उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटॉफ और एड बार्नी के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है. मैं उनकी जितनी भी तारीफ करूं कम है, वह किसी से कम नहीं हैं.

यह भूमिका टेलर के कोचिंग करियर में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें काउंटी और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में विभिन्न क्षमताओं में काम करना शामिल है, जिसमें ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स शामिल हैं. उन्होंने इंग्लैंड लायंस के साथ रहते हुए इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के साथ भी मिलकर काम किया है.

# लाजियो को 2-0 से हराकर इंटर मिलान ने 10वीं बार जीता कोप्पा इटालिया का खिताब

रोम ,(ए.)। इंटर मिलान ने लाजियो पर 2-0 से जीत के साथ अपना दसवां कोप्पा इटालिया फुटबॉल खिताब जीता। इस जीत के साथ ही इंटर मिलान ने इस सीजन का ऐतिहासिक डोमेस्टिक डबल पूरा किया। इंटर मिलान ने इसी साल मई में तीन मुकाबले बाकी रहते हुए 21वां सीरी ए के खिताब को अपने नाम किया था। टीम के लिए पहला गोल मार्कस थुरम ने किया। फेडेरिको डिमार्को के कॉर्नर पर मार्कस थुरम का शानदार हेडर लाजियो के खिलाड़ी एडम मारुसिक से टकराकर गोल पोस्ट में चला गया। इसके बाद मैच के 35वें मिनट में इंटर मिलान ने अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। पेनल्टी बॉक्स से दिए गए डेनजेल डमफ्रीज के शानदार पास को लुटारो मार्टिनेज ने खाली पड़े गोल पोस्ट में पहुंचाया।लाजियो के खिलाफ फाइनल में मिली धमाकेदार जीत के बाद इंटर मिलान के मैनेजर क्रिस्टियन चिवु ने इंटरव्यू में अपनी भावनाएं शेयर कीं। उन्होंने कहा, इंटर ने इस सीजन में दो ट्रॉफी जीती हैं, और हम इसके हकदार थे क्योंकि हमारा कैंपेन बहुत अच्छा रहा। हमने इन वर्षों में जो भी कुछ हासिल किया है, उसके लिए हम बेहद खुश हैं।उन्होंने आगे कहा, हमें इन जबरदस्त फैंस और क्लब के लिए भी खुशी है, जिन्होंने हमेशा हमारा साथ दिया है। हम इस सीजन में




जो कुछ भी हासिल करेंगे, उसका आनंद लेंगे। लीग और कोप्पा इटालिया जीतना कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे आप हल्के में ले सकते हैं; दो ट्रॉफी उठाना कभी आसान नहीं होता।

लौटारो मार्टिनेज ने कहा, हमारे लिए यह एक बहुत ही जरूरी और सार्थक जीत है, पिछले साल के बाद वापसी करना आसान नहीं था। हम खेल, तेजी, परफॉर्मेंस और नतीजों के मामले में सच में एक महत्वपूर्ण सीजन बनाने में कामयाब रहे। मैं खुश हूं क्योंकि हम साल को दो ट्रॉफी के साथ खत्म कर रहे हैं; यह हमारे लिए सच में बहुत जरूरी रहा है। हाल के सालों में हमने जो कुछ भी किया है, उसके लिए इंटर मिलान के बारे में हमेशा बहुत बातें होती हैं, लेकिन हमें खिताब जीतने के लिए इसी रास्ते पर चलते रहना होगा क्योंकि हम यही चाहते हैं: इस सीजन में हमने दो जीते हैं और हम सच में बहुत खुश हैं।

## प्रधानमंत्री के आव्हान पर 11 हजार दीपदान का कार्यक्रम स्थगित

### नपाध्यक्ष 11 दीपों से करेंगी मां नर्मदा की आराधना

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका द्वारा शुक्रवर 15 मई को सेठानीघाट पर आयोजित 11 हजार दीपदान का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव 11 दीपों से मां नर्मदा की आराधना कर नगर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने की कामना करेंगी। 'नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी द्वारा बचत के आव्हान के पालन में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत आयोजित 11 हजार दीपदान कार्यक्रम निर्धारित था जिसमें परिवर्तन किया गया। अब सिर्फ 11 दीपों का दान कर मां नर्मदा की आराधना करेंगे।

नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने नगर के नागरिक दुकानदारों और स्ट्रीट बैंडर्स से आग्रह किया है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। फीडबैक लेने वाली टीम का सहयोग करें। कचरा यहां वहां न फैंकें। नगर को स्वच्छ रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।

# सोहगापुर में आयोजित हुआ युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला

## 283 युवाओं का प्राथमिक स्तर पर चयन, 13 हितग्राहियों को स्वरोजगार योजनाओं का लाभ

नर्मदापुरम। सोहागपुर (निप्र)। जिले में प्रति माह युवा संगम रोजगार स्वरोजगार मेला का आयोजन हो रहा है। इसी श्रृखंला में गुरूवार को सोहागपुर में जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन हुआ। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सोहगापुर के जवाहर लाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का तेज गर्मी के बावजूद सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। मेले में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों एवं विभिन्न शासकीय विभागों ने भागीदारी करते हुए युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर बृजेन्द्र रावत एवं एसडीएम प्रियंका भलावी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से शासन की विभिन्न योजनाओं एवं रोजगार मेलों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। मेले में तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े जिला रोजगार अधिकारी



एसके धुर्वे प्राचार्य डॉ एनके नीखरा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल एवं उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को फल व्यवसाय एवं फुल्की.चाट दुकान संचालन हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त मछुआ कल्याण विभाग द्वारा तीन हितग्राहियों को लगभग 30 लाख रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। प्लेसमेंट ऑफिसर धर्मेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में ऑफलाइन 187 एवं ऑनलाइन 355 सहित कुल 542 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया। मेले में 20 कंपनियों एवं विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। कंपनियों द्वारा 283 युवाओं का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। जबकि स्वरोजगार योजनाओं के तहत 13 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस प्रकार कुल 296 युवाओं एवं हितग्राहियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया। स्वरोजगार मेले में 8 विभागों के अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन राजेश शुक्ला द्वारा किया गया। रोजगार मेला युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 12 वीं, प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

## विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव- संचालक समर्पिता सोनी



नर्मदापुरम (निप्र)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को कक्षा बारहवी और के नतीजे घोषित किए। रिजल्ट जारी होते ही प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चे अपने शिक्षकों के बीच खुशी मनाने पहुंचे। विद्यार्थियों ने एक.दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए अध्यापकों से आशीर्वाद लिया। संचालक समर्पिता सोनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा बारहवी सीबीएसई का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। बच्चों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर गौरवांवित किया है। कक्षा 12वीं मे गौरी पाल 94.8: आरुष गुप्ता 93.6: निषाद राजेश 92 स्नेहा गौर 91 गौरी चौरे 91 निहारिका यादव 84.6 प्रतिशत ध्रुहिनपाल 84.6 जूही रानी कुशवाहा 84.6 सृष्टि यादव 83.2, नैनी गौर 83.2, शिवम सोलंकी 82.8, सुहानी मीना 81.8 अभिनव पांडे 81.8 आदित्य यादव 81.8, आस्था यादव 80.6 विजेंद्र वर्मा 75.2 प्रियांशु गौर 75.4 जानवी ठाकुर 71.6, लोकेश यादव 71.6 रक्षा यादव 71.8 प्रशांत मेहरा 71.4, प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्या ने बच्चों की इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के शिक्षक.शिक्षकों की मेहनत एवं छात्रों की लगन, नियमित क्लासेस, प्रैक्टिस सेट, परीक्षा की मॉकटेल गतिविधियां को बताया है। इस अवसर पर संस्था संचालक समर्पिता सोनी, प्राचार्य विनीता तिवारी, मेघा ठाकुर एवं प्रिया चौरे, मुस्कान चौधरी राजेंद्र चौधरी, रीना गौर ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एनसीसी शिविर के चौथे दिन रेडक्रास टीम ने सिखाए सी पी आर के गुर

## केडिट्स को मिल रहा प्रतिदिन पौष्टिक आहार



नर्मदापुरम (निप्र)। 13 मध्यप्रदेश बटालियन नर्मदापुरम द्वारा कैंप कमांडेंट कर्नल एसपी सिंह एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक सिंह चुंडावत के मार्गदर्शन में शासकीय ज्ञानोदय आवासीय स्कूल परिसर में संचालित हो रहा है। सूबेदार मेजर वीसी तिलक ने बताया कि कैंप के चौथे दिन भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा नर्मदापुरम के डॉक्टर्स की टीम द्वारा एनसीसी केडिट्स को लाइफ सेवियर ;जीवन रक्षक बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक उपचार का विशेष प्रशिक्षण दिया गया ।जिसमें कैडेट्स को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के गुर सिखाए गए। कैडेट्स को दी गई ट्रेनिंग के मुख्य बिंदु सी पी आर तकनीक हृदय गति रुकने या सांस बंद होने पर कृत्रिम श्वास देने और छाती को जोर से दबाकर जान बचाने की विधि सिखाई गई। बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति अचानक अचेत हो जाता है तो उसे सी पी आर देकर कैसे बचाया जाता है ये सिखाया गया । इस दौरान रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन अरुण शर्मा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आरके महेश्वरी डॉ उमेश सेठा उपस्थित हुए। कैंप की सम्पूर्ण भोजन व्यवस्था सूबेदार रामवतार बम्बू की देखरेख में संचालित है कैंप में मिलने वाला भोजन न केवल पौष्टिक होता है बल्कि कैडेटों के लिए एक यादगार अनुभव भी बनता है। कैंप के दौरान मेस में अनुशासन का पालन करना अनिवार्य होता है। कैडेट्स को अपनी थाली खुद लानी होती है और सभी एक साथ बैठकर भोजन करते हैं जिससे टीम वर्क की भावना बढ़ती है कैंप में सुबह के नाश्ते में चाय दूध और पौष्टिक नाश्ता दिया जाता है। दोपहर और रात के खाने में संतुलित आहार दाल चावल रोटी सब्जी परोसा जाता है जो कठोर शारीरिक प्रशिक्षण पीटी ड्रिल के बाद कैडेटों को ऊर्जा प्रदान करता है कैडेटों की शारीरिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भोजन सादा लेकिन स्वच्छ और पौष्टिक होता है। जिला चिकित्सालय के डॉक्टर्स नीलेश राठौर आदित्य दुबे दिनभर कैंप में रहकर केडिट्स का स्वास्थ की देखभाल कर रहे हैं इस पूरे प्रशिक्षण में अपना पूरा सहयोग कैप्टन एलएन मालवीय सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, शेख कमर संतोष अहिरवार सूबेदार राकेश कुमार सूबेदार रामवतार बम्बू सूबेदार मेहराम सतेन्द्र कुमार महावीर सिंह सुरेन्द्र सिंह वीएच एम पूरन मिश्रा हवलदार सत्यदेव सिंह भंवर लाल घमंडा राम अर्जुन सिंह विजय अजित सुशील कुमार सचिन दिनेश संदीप इस कैंप में केडिट्स को प्रशिक्षण देंगे।

# जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

### नर्मदापुरम-टिमरनी सड़क निर्माण हेतु सर्वसम्मत से व्यक्त की गई अनापत्ति

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने की। बैठक में समिति सचिव एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक नागवंशी, समिति सदस्य श्रीमती सीमा कास्दे, MPRDC के सहायक महाप्रबंधक दिनेश लोवंशी, क्षेत्र संयोजक हर्षित कौरव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र बनापुरा अंतर्गत ग्राम धरमकुंडी के कक्ष क्रमांक पीएफ-161 के रकबा 0.445 हेक्टेयर क्षेत्र में नर्मदापुरम-टिमरनी सड़क निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने का निर्णय लिया गया।

# निर्धारित समय पर आयोजित हों विभागीय परामर्शदात्री की बैठकें : कलेक्टर श्री मिश्रा

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई संयुक्त परामर्शदात्री बैठक

नर्मदापुरम (निप्र)। गुरुवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संयुक्त परामर्शदात्री बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारियों ने भाग लिया तथा बैठक से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागीय जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विभाग अंतर्गत विभागीय परामर्शदात्री बैठकों का आयोजन निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक बैठक के मिनट्स तैयार किए जाएं, ताकि जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री बैठक में सभी मुद्दों पर प्रभावी रूप से चर्चा की जा सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर उनकी बातों को



भी गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग बैठक से संबंधित एजेंडा पूर्व में ही जारी करना सुनिश्चित करे, जिससे बैठकें अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से आयोजित हो सकें।

# नर्मदापुरम जिले में 3.81 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन

### उपार्जन कार्य में अनियमितता पर दो समितियों एवं वेयरहाउस को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की गई प्रस्तावित

नर्मदापुरम (निप्र)। सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले में अब तक 42 हजार 743 से अधिक कृषकों से 3 लाख 81 हजार 567 मीट्रिक टन गेहूं का सफलतापूर्वक उपार्जन किया जा चुका है।खरीदी गई स्कंध मात्रा के विरुद्ध 3 लाख 65 हजार 800 मीट्रिक टन स्कंध का आर-2-टी किया जा चुका है। इसके साथ ही 2 लाख 98 हजार 994 मीट्रिक टन स्कंध के स्वीकृति पत्रक भी तैयार किए जा चुके हैं। गत वर्ष संपूर्ण उपार्जन अवधि में 35 हजार 293 कृषकों से 3 लाख 83 हजार 022 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई थी। वर्तमान वर्ष में अब तक गत वर्ष की तुलना में 7 हजार 450 अधिक किसानों द्वारा गेहूं का विक्रय किया जा चुका है। जिले में 132 पंजीयन केंद्रों के माध्यम से 73 हजार 296 किसानों का पंजीयन किया गया है। वहीं आज दिनांक तक 62 हजार 391 स्लॉट किसानों द्वारा बुक किए जा चुके हैं। किसानों को सुविधाजनक एवं व्यवस्थित खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समितियों द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा आवश्यकता अनुसार कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति तरौन कला द्वारा संचालित समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन केंद्र एमजी वेयरहाउस, ग्राम बम्होरी कला पर कम तौल कांटे, स्टाकिंग कार्य अधूरा पाए जाने तथा परिसर के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारों के कारण किसानों को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित समिति एवं वेयरहाउस को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

## ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागार में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जय सोलंकी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची वर्ष 2026 के पुनरीक्षण कार्य हेतु प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्राधिकृत कर्मचारी 15 मई 2026 से 25 मई 2026 तक संबंधित ग्राम पंचायतों में उपस्थित रहकर मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे।प्राप्त दावे एवं आपत्तियों के निराकरण उपरांत 25 मई 2026 तक संकलित जानकारी के आधार पर संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

# संपर्क अभियान 2026 के तहत जिलेभर में 25 शिविर आयोजित

## 104 उपभोक्ताओं को दिये गये 5 रुपए में नए घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन




नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में विद्युत विभाग द्वारा संपर्क अभियान 2026 संचालित किया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार प्रत्येक क्लस्टर में अभियान का सफल शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न क्लस्टरों में ग्राम पंचायत एवं तहसील स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। गुरुवार 14 मई को जिलेभर में कुल 25 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया।

विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविरों में कुल 3329 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3086 आवेदनों का तत्काल निराकरण कर दिया गया। अभियान के दौरान 104 उपभोक्ताओं को मात्र 5 रुपए शुल्क पर नए विद्युत कनेक्शन प्रदान किए गए। अभियान के तहत ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन मात्र 5 रुपए में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थायी एवं अस्थायी कनेक्शन, ई-केवाईसी, अनापत्ति प्रमाण पत्र, खराब अथवा बंद मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों का निराकरण, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज समस्या एवं ट्रांसफार्मर संबंधी शिकायतों के समाधान जैसी सुविधाएं भी शिविरों में उपलब्ध कराई जा रही हैं।शिविरों में बिजली बिलों का आंशिक एवं पूर्ण भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छूट, बकाया राशि भुगतान एवं समाधान योजना सहित विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ भी उपभोक्ताओं को प्रदान किए जा रहे हैं। विद्युत विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे संपर्क अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित शिविरों में पहुंचकर विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। अभियान संबंधी अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली वितरण केंद्र/जोन अथवा टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश अनुसार जनसुनवाई के आवेदनों का एक ही दिन में हुआ निराकरण

## एसडीएम सिवनी मालवा ने आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए पहुंचाई आवेदनकर्ताओं को राहत

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। सुशासन की दृष्टि से कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में 12 मई 2026 को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदकों को एक ही दिवस में राहत प्रदान की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा अनुविभागीय



अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय को निर्देशित किया गया कि वे आवेदकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुनकर तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। निर्देशों के अनुपालन में अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा द्वारा संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई की गई।

### नि:शुल्क राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराए गए

ग्राम सीरूपुरा निवासी आवेदिका श्रीमती नर्मदीबाई द्वारा अपनी कृषि भूमि के वर्ष 1990-95 के खसरा पंचसाला एवं वर्तमान नक्शे की सत्यप्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवेदिका को बिना किसी अनावश्यक औपचारिकता के नि:शुल्क राजस्व अभिलेखों की सत्यप्रतिलिपि मौके पर ही उपलब्ध कराई गई।आवेदक गणेश प्रसाद पिता रविशंकर रघुवंशी निवासी ग्राम निरखी द्वारा रास्ता खुलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा संबंधित हल्का पटवारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर रास्ता खुलवाने एवं की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

आवेदिका सुमनबाई निवासी सोनखेड़ी तहसील डोलरिया द्वारा पुराने राजस्व प्रकरण की जानकारी एवं नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। चूंकि संबंधित ग्राम पूर्व में तहसील सिवनी मालवा के क्षेत्राधिकार में था, इसलिए जिला अभिलेखागार से रिकॉर्ड की जांच कराई गई।

# प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर की जांच एवं प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने एनएचएम एवं भार्गवी हेल्थ केयर के मध्य एमओयू




नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रदेश में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की समय पर जांच एवं प्रभावी प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश एवं भार्गवी हेल्थ केयर (बीजीएच), हैदराबाद के मध्य एमओयू किया गया है। यह समझौता राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए क्षमता निर्माण एवं तकनीकी सहयोग पर केंद्रित है। एमओयू में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रीवा जिले में 25 से 65 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 10 हजार महिलाओं की एचपीवी डीएनए आधारित सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा राज्य स्तर पर प्रभावी समन्वय के लिए एएनएम, स्टाफ नर्स, सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ताओं का चयन एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com